''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 02 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए वीरवार, 02 जनवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी के साथ माता मनसा देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

**चुनावी घोषणा पत्र के वायदे किये जा रहे हैं पूरे : नायब सिंह सैनी**

**फसल विविधिकरण के क्षेत्र में जल्द ही लाई जाएंगी नई योजनाएं : मुख्यमंत्री**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी के साथ नव वर्ष के अवसर पर पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं से बातचीत भी की। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियां को नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि यह साल प्रदेशवासियों के जीवन में आर्थिक और सामाजिक खुशहाली लाने का काम करेगा। हर नागरिक के जीवन में समृद्धि आएगी। ऐसी मंगल कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में हरियाणा विकास की नई बुलंदियों को छुएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के दौरान बहुत से विषयों को लेकर प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया गया है। अब वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के तहत भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेज गति से कार्य किया जाएगा। इसी तर्ज पर हरियाणा प्रदेश में भी तेज गति से विकास कार्य हों और साथ ही प्रदेश भी पूर्ण रूप से विकसित प्रदेश बने।




इसको लेकर सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

**चुनावी घोषणा पत्र के वायदों को लगातार किया जा रहा पूरा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में बहुत सारे वायदे किये हैं, उन्हें धीरे-धीरे पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई वायदों को अभी तक अमलीजामा पहनाने का कार्य किया जा चुका है, जो बचे हुए हैं उन्हें भी जल्दी पूरा किया जाएगा। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार बनते ही सबसे पहले 24 हजार युवाओं को बिना खर्ची पर्ची व मेरिट के आधार पर नौकरी देने का कार्य किया। इसके साथ ही सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में निशुल्क डायलिसिस की सुविधा शुरू की गई है। इस योजना से प्रदेश के लाखों किडनी रोगियों को सीधा लाभ मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पट्टेदार किसानों को मालिकाना हक देने का कार्य भी भाजपा सरकार ने किया है। किसानों के मुद्दे पर जवाब देते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने किसानों से संपर्क बनाने के लिए कमेटी का गठन किया है और वह कमेटी लगातार किसानों से संपर्क कर रही है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया नववर्ष 2025 के कैलेंडर का अनावरण



**समाचार गेट/ब्यूरो**


**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को आज यहां नववर्ष 2025 के कैलेंडर का अनावरण किया। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, विधान सभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिढा और मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि हम सभी प्रदेशवासी मिलकर इस प्रदेश को प्रगति के पथ पर और गति से आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए नए वर्ष में हम नव संकल्प और नए उत्साह के साथ काम करेंगे। यह नया साल सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नव वर्ष में तीन गुणा गति के साथ आगे बढ़ते हुए समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करेगी और हरियाणा को सशक्त व समृद्ध राज्य बनाएगी।

## किसानों को मुआवजे से वंचित रखना चाहती है बीजेपी सरकार : हुड्डा

**राजस्थान की तरह हरियाणा के किसानों को भी मिलना चाहिए गेहूं पर बोनस- हुड्डा**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। लेकिन सरकार इसके लिए किसानों को मुआवजा नहीं दे रही है। स्थिति यह है कि अभी तक प्रदेश की करीब 60% फसलों का पंजीकरण ही नहीं हुआ। प्रदेश में 89.85 लाख एकड़ भूमि का पंजीकरण होना था, जबकि अब तक सिर्फ 36.28 लाख एकड़ का ही पंजीकरण हुआ है। बिना पंजीकरण के बीजेपी सरकार ना किसानों को मुआवजा देती है और ना ही फसलों की खरीद करती है।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार को जल्द से जल्द स्पेशल गिरदावरी और तमाम प्रक्रियाएं पूरी करके किसानों को उचित मुआवजा देना चाहिए। क्योंकि करीब 10 जिलों में सरसों, गेहूं और सब्जियों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने गेहूं के किसानों को बोनस देने की मांग भी उठाई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सरकार ने गेहूं पर 125 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने का ऐलान किया है। ऐसा लाभ हरियाणा के किसानों को भी मिलना चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई है, ना किसानों को एमएसपी मिल पा रही है और ना ही बोनस। जबकि प्रदेश सरकार बार-बार 24 फसलों पर एमएसपी देने की बात कर रही है। लेकिन हकीकत यह है कि एमएसपी देने का काम केंद्र सरकार का होता है, ना कि राज्य सरकार का। केंद्र ने ना ही ऐसी कोई घोषणा की है और ना ही इसके लिए किसी तरह के बजट का ऐलान किया गया है। इसलिए बीजेपी की प्रदेश सरकार किसानों को बरगलाने वाली बयानबाजी ना करे।

## नए साल में जनता से किए गए वायदों को पूरा करने का संकल्प ले भाजपा सरकार : कुमारी सैलजा

**ट्रैफिक, सीवर, पेयजल, कचरा प्रबंधन और सड़कों की ओर देना होगा अधिक ध्यान**

**देश के अन्नदाता किसानों की समस्या का भी करना होगा समाधान**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश और देशवासियों को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नववर्ष में प्रदेश की भाजपा सरकार को जनता से किए गए वायदों को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए। प्रदेश के अधिकतर जिलों में यातायात, पेयजल, सीवर, कचरा प्रबंधन और सड़कों की स्थिति दयनीय है, सबसे पहले सरकार को इन समस्याओं के समाधान की ओर ध्यान देना चाहिए।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार जिसे झूठी घोषणाएं करने वाली जुमलेबाज सरकार भी कहा जाता है वायदे तो बहुत करती है पर सत्ता में आने के बाद वायदा भूल जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान एमएसपी और अन्य मांगों को लेकर आज भी धरनारत है, स्वयं को किसान हितेषी होने का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने किसानों से कुछ वायदे कर उनका धरना समाप्त करवाया था पर सरकार किसानों से किया गया अपना वायदा आज तक पूरा नहीं कर सकी आज भी किसान धरनारत है आंदोलनरत है। उन्होंने



कहा कि केंद्र सरकार को एमएसपी को कानूनी दर्जा देना चाहिए। नव वर्ष में सरकार अपना यह वायदा पूरा कर सरकार किसानों को नववर्ष का तोहफा दे सकती है। किसान जो मांगे लेकर आंदोलनरत है उस आंदोलन में 700 से अधिक किसान अपनी जान की कुर्बानी दे चुके है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकतर शहरों में कचरा, ट्रैफिक, सीवरेज, पीने का पानी और कचरा प्रबंधन प्रमुख समस्या बने हुए है। गुरुग्राम, फरीदाबाद जैसे बड़े शहरों में सफाई, कचरा प्रबंधन को लेकर वहां के सांसद तक विरोध जता चुके है। पर सरकार इस ओर आंखे बंद किए हुए बैठी है। लोगों को पीने का स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा, कचरा प्रबंधन की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा, बड़े बड़े शहरों में कूड़े के ढेर लगे हुए है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का ऐसा कोई नगर नहीं है जो इन दिनों यातायात जाम की समस्या से जूझ न रहा हो। ट्रैफिक पुलिस केवल चालान काटने तक सीमित है। सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। दूसरे प्रदेश की सड़कों की दशा किसी से छिपी नहीं है, जो सड़के जर्जर हो चुकी उनकी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नववर्ष पर सरकार को अपना वायदा पूरा करने और जनता की समस्याएं दूर करने का संकल्प लेना चाहिए।

## रैफर मुक्त फरीदाबाद का धरना 30वें दिन भी रहा जारी

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सेवा वाहन संचालक सतीश चोपड़ा के नेतृत्व में रैफर मुक्त फरीदाबाद की मांग को लेकर आयोजित धरना आज 30 वें दिन में प्रवेश कर गया। इस धरने में आज सांकेतिक भूख हड़ताल पर जेडीयू के युवा नेता चौ. सचिन तंवर बैठे। इस मौके पर रेफर मुक्त फरीदाबाद के धरने के अगुआ सतीश चोपड़ा को इंकलाबी मजदूर केन्द्र से संजय मौर्य, पूर्णिमा, दीपक, संतोष, संजय कुमार, दिनेश मौर्य के अन्य साथियों ने समर्थन दिया। श्री चोपड़ा ने बताया कि रैफर मुक्त फरीदाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य मंत्री गौरव गौतम व पृथला क्षेत्र से कांग्रेस विधायक रघुबीर सिंत तेवतिया को ज्ञापन सौंपा।



इस मौके पर वरिष्ठ एडवोकेट नरेन्द्र पाल ने अपन समर्थन देते हुए कहा कि सतीश चोपड़ा द्वारा उठाई गई मांग जायज है। फरीदाबाद में सैकड़ो लोग समय पर इलाज न मिलने की वजह से दम तोड़ देते है व सरकारी अस्पतालों मे कभी पूरी दवाइया नही मिलती और न ही आईसीयू चालू है न सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर है जिसकी वजह से फरीदाबाद के नागरिकों को मजबूरी में प्राइवेट अस्पतालों मे इलाज करवाना पड़ता है। प्राइवेट अस्पतालों के बिल भरने के लिए जमीन, घर, दुकान, जेवर आदि तक बेचने पड़ते है। आज गरीब आदमी के पास 2 ही विकल्प है या तो सरकारी अस्पतालों के चक्कर काटते हुए दम तोड़ दे या जमीन जयदाद बेच कर जान बचाए।

इस मौके पर सतीश चोपड़ा ने कहा कि जब तक शहर में ट्रोमासेन्टर नहीं बनेगा, श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज छांयसा में आईपीडी सेवा शुरू नहीं होती है तब तक यह धरना जारी रहेगा। चाहे के लिए उनके प्रण ही क्यों न निकल जाए। उन्होंने कहा कि पिछले 30 दिनों के अन्दर शहर की लगभग 125 सामाजिक, धार्मिक व अन्य संस्थाओं ने धरना स्थल पर आकर उनका समर्थन किया है। जिसके लिए वह उनका आभार व्यक्त करते है। इस मौके पर धरने के मुख्य सहयोगी अनशनकारी बाबा रामकेवल, अन्तर्राष्ट्रीय रणजी खिलाड़ी रहे संजय भाटिया, एडवोकेट नरेन्द्र पाल, संतोष यादव, अभिषेक गोस्वामी, संजयपाल, राजेश शर्मा, संजय अरोड़ा, अवधेश कुमार ओझा, योगेश कोली, मनोज कोली, राकेश उर्फ रक्कू, नवीन ग्रोवर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नव वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में अन्नपूर्णा हवन एवं सहभोज का भव्य कार्यक्रम संपन्न

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल जी के नेतृत्व में नव वर्ष 2025 के स्वागत हेतु आयोजित अन्नपूर्णा हवन और सहभोज (भंडारा) का आयोजन सागर सिनेमा, फरीदाबाद स्थित मंत्री श्री विपुल गोयल जी के कार्यालय में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस धार्मिक कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं और समर्थकों ने भाग लिया और सामूहिकता और सकारात्मक ऊर्जा के साथ नए वर्ष की शुरुआत की।

हवन कार्यक्रम प्रातः 9:30 बजे से आरंभ हुआ, जिसमें मंत्री श्री विपुल गोयल जी ने हवन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और समाज के प्रगति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके बाद प्रातः 11:00 बजे से सहभोज (भंडारा) का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जनता और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण



किया। इस आयोजन में भाग लेते हुए मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा, नव वर्ष न केवल नई उम्मीदों और संकल्पों का प्रतीक है, बल्कि यह हमें एकजुट होकर समाज की भलाई के लिए कार्य करने की प्रेरणा भी देता है। हम सभी मिलकर समृद्धि, शांति और प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाएं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मंत्री श्री विपुल गोयल जी के समर्थकों और समाज के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय नेताओं और जनता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

इसके साथ ही इस शुभ अवसर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु केंद्रीय राज्य मंत्री और फरीदाबाद के माननीय सांसद चौधरी कृष्णपाल गुर्जर जी भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

## बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस-पब्लिक कोआर्डिनेशन मीटिंग का किया आयोजन

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा लोग को लगातार जागरुक किया जा रहा इसी क्रम में सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने प्रबंधक थाना आदर्श नगर के सहयोग से बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस-पबलिक कोआर्डिनेशन मीटिंग का आयोजन किया।

**गोष्ठी में सहभागिता:**

गोष्ठी में आदर्श नगर थाना क्षेत्र के आरडब्ल्यूए प्रधान, मार्केट प्रधान, मंडी प्रधान, और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने गोष्ठी में शामिल होने पर सभी का अभिनंदन किया और परिचय के उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत की।

**चर्चा के मुख्य बिंदु:**



**सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने निम्नलिखित विषयों पर उपस्थित नागरिकों को जागरूक किया:**

1. साइबर अपराध और उससे बचाव के उपाय।
2. सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन।
3. अवैध नशा बेचने वालों की सूचना देने हेतु हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हेल्पलाइन नंबर 90508 91508 की जानकारी।

**सुझाव एवं समस्याओं पर चर्चा:**

गोष्ठी के दौरान नागरिकों ने अपने सुझाव और क्षेत्रीय समस्याओं को साझा किया। प्रबंधक थाना आदर्श नगर ने सभी समस्याओं पर प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया और यह सुनिश्चित किया कि पुलिस भविष्य में भी जनता के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

**सामाजिक सहयोग का आह्वान:**

प्रबंधक थाना ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अपराध, नशा, या अन्य अवांछित गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस के साथ साझा करें। उन्होंने सभी को यह प्रेरित किया कि मिलकर क्षेत्र को अपराध मुक्त, नशा मुक्त और सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने में योगदान दें। फरीदाबाद पुलिस सदैव आपके साथ है। आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। आइए, मिलकर एक सुरक्षित और बेहतर समाज का निर्माण करें। इस मीटिंग में सामुदायिक पुलिसिंग टीम और प्रबंधक थाना आदर्श नगर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पुलिस और जनता का यह आपसी संवाद सामाजिक सुरक्षा और सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने के लिए आवेदन 10 जनवरी तक प्राप्त किए जाएंगे : गौरी मिड्ढा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के वार्ड नंबर-40 के सदस्य के लिए चुनाव 19 जनवरी 2025 को होना है। एचएसजीएमसी चुनाव रिटर्निंग अधिकारी गौरी मिड्ढा ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्ड नंबर-40 के मतदान के लिए 05 बूथ बनाए गए है और मतदाता सूची में नए नाम दर्ज करने के लिए आवेदन उपायुक्त या उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा 10 जनवरी 2025 तक प्राप्त किए जाएंगे।

रिटर्निंग अधिकारी गौरी मिड्ढा ने जानकारी देते हुए कहा है कि नामांकन आमंत्रित करने के लिए अधिसूचना का प्रकाशन बुधवार 18 दिसंबर को किया जा चुका है। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना लिखित रूप में होनी चाहिए। इसे उम्मीदवार द्वारा नाम वापसी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि (02 जनवरी 2025) को दोपहर 03 बजे से पहले व्यक्तिगत रूप से रिटर्निंग अधिकारी को दिया जाएगा या इसे चुनाव एजेंट द्वारा दिया जाएगा, जिसे उम्मीदवार द्वारा लिखित रूप में इस संबंध में अधिकृत किया गया है। चुनाव चिह्न का आवंटन 02 जनवरी 2025 (गुरुवार) को दोपहर 03 बजे के बाद किया जाएगा। चुनाव लड़े जाने की स्थिति में मतदान 19 जनवरी 2025 (रविवार) को होगा, मतदान का समय प्रातः 08 बजे से सायं 05 बजे तक रहेगा। सभी मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतों की गणना की जाएगी।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**
**नोट: मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**
samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

## जानकारी

भूख ज्यादा लगने के कारण

# किसी-किसी को क्यों लगती है ज्यादा भूख

यूं तो भूख लगना एक आम बात है पर अगर किसी को खाने के थोड़े समय बाद ही फिर से भूख लग जाए, तो सोचें कि ऐसा क्यों हो रहा है। बार-बार भूख लगने के कई कारण होते हैं, जिसका थोड़ा सा ख्याल रखा जाए तो इस परेशानी से निजात पाया जा सकता है। भूख लगना एक प्राकृतिक और स्वभाविक क्रिया है। जब आप भूखे होते हैं तो आपका पेट खाली महसूस होता है। ऐसे में बहुत देर तक खाना न खाने से आपको सिरदर्द, पेट में जलन और ध्यान केंद्रित न कर पाने आदि की परेशानी हो सकती है। ज्यादातर लोगों को एक बार खाना खा लेने के बाद दोबारा भूख लगने में कई घंटे लग जाते हैं। हालांकि यह सभी के लिए नहीं है। अगर किसी को बार-बार खाने के बाद भी भूख लग जाए है, तो ऐसा नहीं कि उसका पेट खाली है। बल्कि उसके कुछ अलग कारण भी हो सकते हैं। हो सकता है कि ऐसे लोगों में कोई स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी हो। इसके कुछ कारण लो प्रोटीन आहार, फैट या फाइबर की कमी साथ ही अत्यधिक तनाव या शरीर में पानी का कम होना भी हो सकते हैं। आइए आज हम आपको बताएंगे ज्यादा भूख लगने के 5 कारण



**लो प्रोटीन आहार:** पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन लेना भूख नियंत्रण के लिए जरूरी है। प्रोटीन में भूख को कम करने वाले गुण होते हैं, जो आपको दिन में कम कैलोरी का इनटेक करने में मदद करते हैं। यह हार्मोन के रिलीज को ठीक करता है, जो भूख को बढ़नाने वाले हार्मोन के स्तर को कम या स्टेबल करता है। इन प्रभावों के कारण, यदि आप पर्याप्त प्रोटीन नहीं खा रहे हैं, तो आपको बार-बार भूख लग सकती है। इसके अलावा एक हाई प्रोटीन लेने वाले लोगों ने दिन भर में कम भूख लगती है। ऐसे में वो लोग जिन्हें बार बार भूख लग रही है, वो हाई प्रोटीन चीजें खाएं। अपने हर भोजन में प्रोटीन से भरे खाने की चीजें जैसे दूध, दही, फलियां, नट्स, बीज, साबुत अनाज, मांस, मुर्गी, मछली और अंडे आदि को शामिल करें। ऐसा करने से अत्यधिक भूख को रोकने में मदद मिल सकती है।

**नींद की कमी:** पर्याप्त नींद लेना आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। अच्छी नींद से मस्तिष्क और शरीर अच्छा काम करते हैं। इसके अलावा पर्याप्त नींद लेना भूख नियंत्रण का एक बेहद आसान तरीका है क्योंकि यह भूख बढ़ाने वाले हार्मोन घ्रेलिन को नियंत्रित करने में मदद करता है। नींद की कमी से घ्रेलिन का स्तर बढ़ जाता है। यही वजह है कि जब आप नींद से वंचित होते हैं, तो आपको बहुत भूख लगती हैं। पर्याप्त नींद लेने से लेप्टिन के स्तर को स्टेबल करने में मदद मिलती है। लेप्टिन एक ऐसा हार्मोन है, जो पेट भरे होने की भावना को बढ़ावा देता है। इसलिए अपनी भूख के स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए आपको रात में कम से कम 8 घंटे की निर्बाध नींद लेनी चाहिए।

**पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना:** सही मात्रा में पानी पीना हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। पर्याप्त पानी पीने से कई स्वास्थ्य लाभ हैं। इससे हमारे मस्तिष्क और हृदय स्वास्थ्य ठीक रहता है। इसके अलावा पानी पीने से आपकी त्वचा और पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहते है। ध्यान देने वाली बात यह है कि भोजन से पहले पानी पीने से हमें भूख कम लगती है। ऐसे में अगर आपको बार-बार भूख लगे, तो आप पानी पी लें। यदि आप हमेशा भूखे रहते हैं, तो ऐसा सोचिए कि आप प्यासे हैं। इसके लिए फल और सब्जियों सहित बहुत सारे पानी वाले खाद्य पदार्थ भी है, जो आपको हाइड्रेटेड फील कराएगा।

**आहार में फाइबर की कमी :** बहुत सारे हाई फाइबर वाली चीजों को खाने से आप अपने भूख को नियंत्रण में रख सकते है। हाई फाइबर खाद्य पदार्थ आपके पेट के खाली होने की स्पीड को धीमा कर देते हैं और लो फाइबर वाले खाद्य पदार्थों की तुलना में पचने में अधिक समय लेते हैं। इसके अलावा एक हाई फाइबर का सेवन भूख कम करने वाले हार्मोनों के रिलीज और शॉर्ट-चेन फैटी एसिड के बनने को प्रभावित करता है। गौरतलब है कि विभिन्न प्रकार के फाइबर होते हैं। इनमें से कुछ आपके पेट को भरा-भरा महसूस कराने में मदद करते हैं। जिससे कि आपको भूख का अहसास कम होता है। कई अलग-अलग खाद्य पदार्थ, जैसे कि दलिया, सन बीज, मीठे आलू, संतरे, और ब्रसेल्स स्प्राउट्स, हाई फाइबर के अच्छे सोर्स हैं।

**अधिक तनाव भूख बढ़ाता है:** तनाव के बढ़ने से यह कोर्टिसोल नाम का हार्मोन बढ़ने लगता है। यह एक ऐसा हार्मोन है, जो भूख और भोजन की क्रेविंग को बढ़ावा देता है। इस कारण आप महसूस करते हैं कि आप हमेशा भूखे हैं।




## कुछ आसान से घरेलू तरीके हैं जिनके जरिए मोटापे के साथ साथ बढ़ता वजन भी कंट्रोल किया जा सकता है

डायबिटीज और जोड़ों के दर्द के अलावा आजकल लोग जिस चीज से सबसे ज्यादा परेशान हैं वो है मोटापा और बढ़ता हुआ वजन। इसे कम करने के लिए लोग ना जाने किन किन तकनीकों का सहारा लेते हैं। खाना खाना बंद कर देते हैं, जिम जाते हैं, डायटिंग करते हैं, बावजूद इसके लोगों को बढ़ता वजन और मोटापा कम ही नहीं होता।

### वजन घटने के उपाय

**टमाटर:** टमाटर सिर्फ एक सब्जी ही नहीं है बल्कि इसमें वजन घटाने वाली खूबियां भी मौजूद हैं। दरअसल टमाटर में Anti-o&idents और mineralsहोते हैं जो वजन घटाने में मदद करते हैं। टमाटर खाने से आपके शरीर का metabolism भी सही रहता है और यही metabolism शरीर के फैट यानि चर्बी को जलाने में मदद करता है जिसकी वजह से वजन और चर्बी दोनों कम हो जाती हैं। एक रिसर्च के मुताबिक, हरी मिर्च या काली मिर्च के जरिए भी वजन घटाया जा सकता है। मिर्च में कैप्साइसिन नाम का एक तत्व होता है जो आपकी भूख कम कर देता है। जब भूख कम लगेगी तो जाहिर है खाना भी कम खाया जाएगा और इस तरह वजन कम होगा।

**शहद:** रोजाना सुबह 1 गिलास पानी में एक या दो चम्मच शहद और नींबू का रस मिलाकर पीएं। ऐसा करने से ना सिर्फ वसा की मात्रा कम होगी बल्कि वजन भी घटेगा।

**सेब और गाजर:** सेब और गाजर को बराबर-बराबर लें और उन्हें कद्दूकस कर या फिर पीसकर एक साथ मिला लें। इस मिश्रण को रोजाना सुबह खाएं। ऐसा रोजाना करें, 1-2 महीनों में ही असर दिखेगा। ध्यान रहे कि सेब और गाजर के इस मिश्रण को खाने के 2 घंटे बाद तक कुछ ना खाएं।

**मूली:** मूली के चूर्ण को शहद के साथ मिलाकर खाने से भी मोटापा कम होता है और वजन घटता है।

### लाल मिर्च की चाय

सुनने में बड़ा अजीब लगेगा लेकिन कहा जाता है कि लाल मिर्च की चाय का रोजाना सेवन करने से चर्बी कम होती है और वजन भी घटता है। दरअसल लाल मिर्च वजन घटाने में काफी कारगर है।

#### कैसे बनाए लाल मिर्च की चाय

एक गिलास पानी में एक चम्मच लाल मिर्च का पाउडर मिलाकर उसकी चाय बनाएं और उसमें थोड़ा सा नींबू मिला लें। इसका रोजाना सेवन करें, असर दिखेगा।

**लहसुन:** रोज सुबह उठकर खाली पेट लहसुन की दो कलियां चबाने और फिर उसके बाद एक गिलास नींबू पानी पीएं। ऐसा करने से वजन तेजी से घटेगा और चंद दिनों में ही असर दिखने लगेगा।

**ग्रीन टी:** वजन कम करने के लिए ग्रीन टी को भी काफी उपयोगी माना गया है। रोजाना सुबह उठकर खाली पेट ग्रीन टी का सेवन करें। काफी फायदा होगा। ग्रीन टी में श्वत्रष्टत्र नाम का एक तत्व होता है जो फैट को बर्न करने में मदद करता है। इसके अलावा एक्स्ट्रा फैट जमा होने नहीं देता। इस लिहाज से देखा जाए तो मोटापा भी नहीं बढ़ता।

**करी पत्ता:** रोजाना सुबह कुछ करी पत्तियां खाने से भी वजन कम करने और मोटापा घटाने में मदद मिलेगी। दरअसल करी पत्ते में मोटापा कम करने और चर्बी घटाने वाले तत्व होते हैं इसलिए करी पत्ता खाने से वजन घटाने में काफी मदद मिलती है।

**सौंफ:** सौंफ को अच्छी तरह से सुखाकर पीस लें और उसे एक एयर टाइट डिब्बे में स्टोर कर लें। अब रोजाना इस सौंफ पाउडर के दो चम्मच पानी के साथ लें। ऐसा रोजाना करें। इससे ना सिर्फ कब्ज और अपच जैसी शिकायतें दूर होंगी बल्कि वजन भी कम होगा।

### ध्यान रहे

- जब भूख लगी हो तो प्रॉपर खाना खाएं। कहने का मतलब यह है कि खाने का विकल्प ना ढूंढें। जंक फूड और तली-भुनी चीजों से दूरी बनाएं। इससे वजन कम होगा।
- जो भी खा रहे हैं उसे पचाना और बर्न करना बहुत जरूरी है वरना यह चर्बी के रूप में हमारे शरीर में जमा हो जाएगा जो आगे जाकर मोटापे का रूप ले लेगा। इसलिए नियमित रूप से एक्सरसाइज करें और अपना लाइफस्टाइल सुधारें।
- हेल्दी खाएं, ज्यादा वसा वाली चीजों से दूरी बनाएं।
- डिलिवरी के बाद अक्सर महिलाओं का वजन बढ़ जाता है और कई महिलाएं चाहकर भी इसे कंट्रोल नहीं कर पातीं। कुछ टिप्स हैं जिनके जरिए डिलिवरी के बाद बढ़े वजन को कम किया जा सकता है -
- रोजाना सुबह गुनगुने पानी के साथ शहद लें। इससे महिलाओं को फिर से अपने पुराने आकार में आने में मदद मिलेगी।
- दूध का जब भी सेवन करें तो बिना चीनी के करें। कोशिश रहे कि दूध बिना मलाई का हो। इससे भी वजन कम होगा।
- खाने में काली मिर्च, नींबू, पुदीना जैसी चीजें खाएं। पपीता भी खा सकती हैं। इन चीजों में विटामिन सी की मात्रा होती है जो चर्बी को बर्न करने में मदद करती है और इससे वजन भी कम हो जाता है।
- कोशिश करें कि कच्चा सलाद और कच्ची सब्जियां ज्यादा से ज्यादा खाएं। इसका फायदा ये होगा कि जरूरी पोषक तत्व तो मिलेंगे ही साथ ही इससे पेट ज्यादा वक्त तक भरा रहेगा। इसकी वजह से आप खाना कम खाएंगे और वजन कंट्रोल में रहेगा।

## सेहत

# सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है इमली का चटपटा जूस

अगर आप रोजाना इमली का जूस पीते हैं, तो आप अपना वजन आसानी से घटा सकते हैं। इसके अलावा इमली का जूस आपको डायबिटीज, दिल की बीमारियों और पेट की बीमारियों से बचाता है। जानें चटपटा इमली का जूस बनाने का आसान तरीका। इमली आप सब ने जरूर खाई होगी, मगर क्या आपने कभी इमली का जूस पिया है? खट्टी-मीठी इमली के जूस का स्वाद चटपटा होता है, इसलिए ये लोगों को काफी पसंद आता है। इसके अलावा इमली का जूस पीने के ढेर सारे स्वास्थ्य लाभ भी हैं, जिनके कारण बहुत सारे लोग इसे रोजाना पीते हैं। आमतौर पर उत्तर भारत में मिलने वाले गोलगप्पे का पानी बनाने में इमली का प्रयोग किया जाता है। अगर आप रोजाना एक ग्लास इमली का जूस पीएं, तो आपके शरीर को कई फायदे मिलते हैं। इमली में विटामिन बी, विटामिन सी, कैरोटीन और ढेर सारे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो आपको कई खतरनाक बीमारियों से बचाते हैं और शरीर को स्वस्थ रखते हैं।

**पेट और पाचन को स्वस्थ रखता है इमली का जूस:** इमली खट्टा फल है, इसलिए इसमें डाईयुरेटिक गुण होते हैं। यही कारण है कि इमली का जूस पेट के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप अपच, पेट के भारीपन, कब्ज या पेट में ऐंठन जैसी समस्या से तो आपके लिए इमली का जूस बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा जिन लोगों को पेट से जुड़ी कोई समस्या नहीं है, अगर वो भी दिन में खाना खाने के 40-50 मिनट बाद एक ग्लास इमली का जूस पी लेते हैं, तो उनका खाना अच्छी तरह पचता है और पेट साफ रहता है।

**दिल के लिए बहुत फायदेमंद है इमली का जूस:** इमली के जूस में कई ऐसे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करते हैं और धमनियों में जमा प्लाक को साफ करते हैं। इसलिए रोजाना इमली का जूस पीने से आप दिल की बीमारियों से बच सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल के कारण दिल की तमाम जानलेवा बीमारियों का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

**डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है इमली का जूस:** अगर आपको डायबिटीज है, तो आपके लिए इमली का जूस पीना बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसका कारण ये है कि इमली के जूस में मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स ब्लड शुगर लेवल को कम करते हैं और डायिबटीज को कंट्रोल में रखते हैं। अगर आपको डायबिटीज नहीं भी है, तो रोजाना इमली का जूस से आप भविष्य में इस बीमारी के होने के खतरों से बचे रहते हैं। इमली में कुछ ऐसे एक्टिव इंग्रीडिएंट्स होते हैं, जो शरीर में ग्लूकोज को रेगुलेट करते हैं और इंसुलिन की मात्रा को सही रखते हैं।

**वजन घटाने में मददगार है इमली का जूस:** सुरक्षित तरीके से अपना वजन घटाना चाहते हैं या दिन भर में ली गई एक्स्ट्रा कैलोरीज को फैट के रूप में जमा नहीं होने देना चाहते हैं, तो आपको रोजाना इमली का जूस पीना चाहिए। कई सारी रिसर्च में इस बात का पता चला है कि रोजाना इमली का जूस पीने से आपके शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी कम होती है और आपका शरीर ज्यादा हेल्दी और फिट होता है। इसका कारण ये है कि इमली में पॉलीफेनॉल्स और फ्लैवोनॉइड्स होते हैं। इसके अलावा इसमें हाइड्रॉक्सीसाइट्रिक एसिड भी अच्छी मात्रा में होता है, जो मेटाबॉलिज्म को बेहतर करता है।

### कैसे बनाएं चटपटा इमली का जूस



- इमली के जूस बनाने के लिए बाजार में आपको पकी हुई सूखी इमलियां मिल जाएंगी।
- इन इमलियों से बीज को निकाल लें।
- अब एक पैन में 2 ग्लास पानी लें और इसे गैस पर चढ़ाएं। इस पानी में बीज निकाले हुए इमली के फल को डाल दें।
- बिल्कुल धीमी आंच पर 5-10 मिनट उबालें या एक उबाल आने तक रुकें।
- उबाल आने के बाद पैन का पानी हल्के भूरे या काले रंग का हो जाएगा।
- इसे थोड़ी देर ठंडा होने के लिए रख दें।
- ठंडा होने के बाद इस पूरे पानी को इमली के फलों सहित मिक्सर/ब्लेंडर में डालकर पीस लें।
- इस जूस को एक ग्लास में छान लें।
- पीने से पहले इस जूस में एक चम्मच शहद मिलाएं और 2 टुकड़े बर्फ मिला लें।
- अगर आप इस जूस को चटपटा बनाना चाहते हैं, तो इसमें 2 चुटकी काला नमक, 2 चुटकी जीरा पाउडर, 1 चुटकी काली मिर्च पाउडर डालें और पीएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। काम में लगे रहें लाभ होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। शत्रु से सावधान रहें। शुभांक-1-3-5

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-3-4-5


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। पत्नी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-2-4-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 3399




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




### काकुरो - 3398 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमिका : मेरे होंठ गुलाब की पंखुड़ी जैसे हैं ना।

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : मेरी आँखें कमल के फूल जैसी हैं ना?

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : मेरी आवाज कोयल जैसी है ना?

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : मेरी चाल मोरनी जैसी है ना?

प्रेमी : हाँ।

प्रेमिका : ओह! तुम कितनी अच्छी बातें करते हो।

□ □ □

एक दिलफेंक आशिक ने एक युवती को पकड़ा और सरेआम किस कर दिया।

युवती बोली- तुमने ये क्या किया?

युवक- तो इसे कहते हैं डायरेक्ट मार्केटिंग।

युवती ने युवक का कॉलर जोर से पकड़ा और खींचकर एक जोर का चाँटा रसीद कर दिया।

युवक- अब ये क्या था?

युवती- इसे कहते हैं कस्टमर फीडबैक।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3399



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भल्ला, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्सी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का खयाल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीलो इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दीनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खल्लास बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुलतान की फिल्म-३
२१.राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3398



## सूडोकु -3399

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3398 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## शब्द पहेली - 3399



**बाएँ से दाएँ**

1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**

1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

### शब्द पहेली -3398 का हल



# जाट समाज की बैठक में महासचिव ने आय-व्यय का ब्यौरा किया प्रस्तुत

## निरंतर चलते रहे सामाजिक कार्य : एचएस मलिक



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** नववर्ष के आगमन पर सैक्टर-16 स्थित किसान भवन में जाट समाज फरीदाबाद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जाट समाज के प्रधान जेपीएस सांगवान ने की। उन्होंने सभी पदाधिकारी व सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए समाज द्वारा किए जा रहे समाजसेवा के कार्यों का उल्लेख किया।

बैठक में महासचिव एच.एस. मलिक ने जाट समाज के आय व्यय का ब्यौरा दिया और आगे का एजेंडा तैयार कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 12 जनवरी को जाट समाज द्वारा खेडी गांव में 165 बुजुर्गों को कंबल वितरित किए जाएंगे और इसी के साथ पूरे साल समाज द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

बैठक में रिटायर्ड आईपीएस एम.एस. श्योराण ने सुझाव दिया कि समाज को अपना काम निरंतर जारी रखना चाहिए। जाट समाज के दोनों भवनों का कार्य पूरा होने के बाद समाजसेवा के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे आकर और अधिक काम करना चाहिए। बैठक में आर.एस. दहिया, टी.एस. दलाल, आर.एस. राणा, एस.एस. मान, एच.एस. ढिल्लो, रमेश चौधरी, दिनेश रघुवंशी, सूरजमल, आर.एस. तेवतिया, बलजीत सिंह, कमल चौधरी, जितेंद्र चौधरी, दरयाब सिंह श्योराण, फूल सिंह, सुरेंद्र टूडी, रामरतन नर्वत, प्रताप सिंह, रतन सिंह सिवाच ने भी अपने सुझाव रखे।

# हवन में पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह संपन्न

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** श्री राम मंदिर द्वारा आयोजित 21 वीं श्रीमदभागवत कथा सप्ताह आज हवन पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ विधिवत सम्पन्न हुई। जो विगत 25 दिसंबर से शुरू हुई। जिसके समापन पर हवन यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन समारोह में मुख्य रूप मे पूर्व पार्षद सुभाष आहूजा एवं परविंद्र मल्होत्रा सपरिवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं में पुरुष, बच्चों एवं महिलाओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।



ओल्ड फरीदाबाद की तालाब वाली गली में श्री राम मंदिर द्वारा प्रतिवर्ष भागवत कथा का आयोजन एवं नव वर्ष पर भंडारा का आयोजन किया जाता है। यह सिलसिला विगत 21 वर्षों से निरंतर चल रहा है। कथा वाचक एवं मंदिर पुरोहित पं.मुरारी लाल ब्रजवासी के सानिंध्य में आयोजित कथा सप्ताह में लाखों श्रद्धालु धर्म लाभ उठाते हैं। मंदिर सेवादार यशवंत शर्मा और हेमंत शर्मा ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण जी की कृपा दृष्टि से यह आयोजन विगत दो दशकों से निर्विघ्न हो रहा है। जिसमें मंदिर प्रबंधन समिति पार्षद सुभाष आहूजा और समाज सेवी परविंद्र मल्होत्रा उर्फ़ शंटी का विशेष योगदान रहता है।

कथा व्यास पंडित मुरारी लाल ब्रजवासी ने बताया कि श्रीराम हमारे आराध्य हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और भगवान श्री कृष्ण मानव जाति को धर्म एवं कर्म के लिए प्रेरित करते हैं। धर्म और संस्कृति से जुड़े रहने के लिए धार्मिक आयोजन होना और उनमें भागीदारी करना आवश्यक है। वर्तमान पीढ़ी को ऐसे आयोजनों से ही अपने राष्ट्र, धर्म, संस्कृति और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में जानकारी होती है। उन्होंने बताया कि शहर के समाजसेवियों एवं धर्वालंबियों के सहयोग एवं समर्थन से ही ऐसे सफल आयोजन संपन्न होते हैं।

इस आयोजन में श्री राम मंदिर प्रबंधन समिति के सेवादार यशवंत शर्मा, हेमंत शर्मा, रूपेश अग्रवाल, दीपक, अनिल मदान, अजय गर्ग, रूपेश अग्रवाल, एन.डी नागपाल, अमित कपूर बौधराज, ऋषभ बजाज इत्यादि शहर के अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# एनसीबी हरियाणा द्वारा पानीपत में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 68वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**पानीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गांव गांव जाकर नशे के विरुद्ध युवाओं को जागरूक कर रहे हैं। वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोजकीपुर पहुंचे। यह कार्यक्रम प्रयास फाउंडेशन के सदस्य विनोद शर्मा और राजेश कौशिक के प्रयासों से संभव हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य राज कुमार की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें 623 छात्र-छात्राओं, 24 शिक्षकों और 4 कर्मचारियों ने भाग लिया। मंच का संचालन मोनू त्यागी ने किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानव के विकास में नशा सबसे बड़ा बाधक है। यही कारण है कि विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के साथ नशे के दुष्प्रभाव और नशे के विरुद्ध बने विधि के बारे बताया जा रहा है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विस्तारपूर्वक नशे के आगमन, निर्माण, उत्पादन, राष्ट्र पर प्रभाव बारे विस्तार से बताया। उन्होंने 9050891508 पर प्रतिबंधित नशों के व्यापार की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा यह पूरे प्रान्त के लिए है जिस पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया जा सकता है।

उन्होंने अनेक कविताएँ और प्रसंग गाकर वह सुनकर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। यदि नशा होता अच्छा, सबसे पहले माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। जन्म होते ही शहद की जगह एक कटोरी में कोई नशा लेती। ऊँगली डूबा कर हमारी जिव्हा पर चटा देती। जिसका पिता पीता है, वो कहता थोड़ी सी पी ले। काहे करता है चिंता अपनी जिंदगी जी ले। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई।

# प्रशासन का अनूठा प्रयास, समाधान शिविर से लोगों को राहत




### फरीदाबाद, बल्लभगढ़ व बड़खल उपमंडल सहित नगर निगम में भी आयोजित हो रहे हैं समाधान शिविर

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में डीसी विक्रम सिंह के निर्देशानुसार फरीदाबाद जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में समाधान शिविर आयोजित कर आमजन की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करते हुए राहत पहुंचा रहे हैं।

समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे जिनकी सुनवाई सीटीएम अंकित कुमार द्वारा पूरे धैर्यपूर्वक की। सीटीएम ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई शिकायतों का अधिकांश का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए।

सीटीएम अंकित कुमार ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। शिविर में कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। सीटीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और शिकायतकर्ताओं को समाधान होने पर जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि जिले में फरीदाबाद मुख्यालय सहित बल्लभगढ़ व बड़खल उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर का आयोजन हो रहा है। नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविरों का फायदा उठा अपनी समस्याओं का निदान करवा रहे हैं। साथ ही नगर निगम की ओर से भी समाधान शिविर निगम कार्यालय में लगाये जा रहे हैं।

# छात्र-छात्राओं को स्वेटर और शूज वितरित

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जन कल्याण संस्था ने विद्यालय की जूनियर रेडक्रास और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सहयोग से विद्यालय की छात्राओं और छात्रों को स्वेटर तथा शूज बांटे। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रवीन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि सर्दी से बचाव के लिए जन कल्याण संस्था के फाउंडर प्रेसिडेंट श्री एस सी गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य जे पी शर्मा व महासचिव जन कल्याण संस्था के महासचिव लक्ष्मण शर्मा ने सभी एक सौ पच्चीस विद्यार्थियों को स्वेटर और शूज वितरित किए। संस्था के अध्यक्ष श्री एस सी गुप्ता ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश की बालिकाएं किसी से पीछे नहीं है और सभी क्षेत्रों में लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रही है चाहे वह पढ़ाई लिखाई हो, सिविल सेवा, सैन्य बलों में नेतृत्व या खेलों से लेकर पर्वतारोहण सहित सभी विभागों में अग्रणी रह कर अपनी प्रतिभा और क्षमताओं का परिचय दे रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सामाजिक संस्थाओं का आवश्यकता वाले विद्यार्थियों और सामान्य जनों की सहायता करना नैतिक दायित्व के अंतर्गत आता है और हम अपनी क्षमता अनुसार राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा समाज के अन्य अभावग्रस्त जनों की सहायता समाज के सहयोग से करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि जब वे भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर समर्थ और सक्षम हो जाएं तब वे भी अन्य विद्यार्थियों की भी इसी प्रकार सहायता कर सकते हैं जिस से उन विद्यार्थियों को शिक्षा उपार्जन में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी बहुत अच्छे से ध्यान केंद्रित करके पढ़ाई पर ध्यान दें क्योंकि परीक्षाओं में अब अधिक समय नहीं बचा है आप के संसाधनों की पूर्ति के साथ लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे, आप ने बस अपनी पढ़ाई पर फोकस करना है। श्री एस सी गुप्ता ने भी सभी बालिकाओं से खूब मन लगा कर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परिश्रम के आगे सभी बाधाएं दूर हो जाती है और परिश्रमी को सफलता प्राप्त करने में देर नहीं लगती। विद्यालय प्रबंधन एवम् समस्त अध्यापक वर्ग ने जन कल्याण संस्था का विद्यालय की छात्राओं की इस सर्द और ठिठुरन भरे मौसम से सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरित कर सहायता करने के आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्य रवीन्द्र कुमार मनचन्दा ने संस्था के सदस्यों को विश्वास दिलाया कि संस्था द्वारा विद्यालय की छात्राओं की सहायता हम सब को और भी अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर प्राध्यापक जितेंद्र गोगिया, सुशीला बेनीवाल, सरिता डूडेजा, ममता, गीता, संजीव, चंचल और मीना का विशेष सहयोग रहा।




# हर नागरिक के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध प्रदेश सरकार : राज्य मंत्री राजेश नागर

## नववर्ष पर जिलावासियों को दी आठ करोड़ की सौगात

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आज तिगांव में कोराली मोड़, तिगांव से वाया बदरौला, कोराली, अटाली तक जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। जिसकी लागत पर लगभग 08 करोड़ रुपए राशि की लागत का खर्चा आएगा।



हरियाणा सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि काफी समय से लोगों की इस सड़क की मांग थी। यह सड़क तिगांव से बदरौला, कोराली, अटाली, केएमपी और नोएडा जाने वाले लोगों के लिए लोगों को बहुत बड़ी राहत प्रदान करेगी। आज सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है और जल्द से जल्द सड़क निर्माण को पूरा कर लिया जाएगा। इस रोड के बन जाने से लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी साथ उनके समय की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी तथा नेक नीति को लेकर हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर वर्ग को साथ लेकर चलेगी व समाज के अंतिम व्यक्ति को लेकर जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाएगी। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं के लिए होने वाले विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। केंद्र व हरियाणा सरकार लोगों का चहुमुखी एवं सर्वागीण विकास करने में जुटी हुई है।

इस अवसर पर सरपंच वेद प्रकाश अधाना, विक्रम प्रताप नागर, कैप्टन गिरधारी, धर्म सिंह, शशि नागर, महेश नागर, अनिल पराशर, मनोज नागर, ईश्वर अधाना, वीरपाल जैलदार, बाबू चंदिला, कृष्ण हांडा, दयानंद नागर, सुभाष भाटी, बृजभान भाटी, ताराचंद, सूरजपाल भूरा, अशोक भाटी, विजय सरधना, अमन नागर, तेज सिंह अधाना, सुभाष पराशर, अशोक कौशिक, राजपाल महाशय, रेशम सिंह, राजेंद्र तालान, संदीप अधाना, संजय अधाना, परसराम अधाना, सतबीर नागर, अजय चंदीला, बलजीत नागर, कृष्ण पहलवान, देव कर्ण सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ठण्ड के बढ़ते सितम को देखते हुए औद्योगिक नगरी फरीदाबाद शहर के प्रमुख समाजसेवियों ने आज माता चौक पर जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ नेता श्याम सुन्दर कपूर ने कहा कि फरीदाबाद एक औद्योगिक नगरी है प्रत्येक समाजसेवियों को चाहिए कि वह अपने घरों के आसपास रह रहे जरूरतमंदों का ख्याल रखना रखें। उन्हें जरूरत के हिसाब से सामान भेंट करें। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हरियाणा की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डा. पुनीता हसीजा ने कहा कि धन-दौलत से सम्पन्न लोगों को सर्दियों में गर्म कपड़े बांटना, सरकारी स्कूल के छात्रों को जूत-जुराब व पाठ्य सामग्री बांटना तथा जरूरतमंदों को भोजन करवाना चाहिए ताकि नर सेवा और नारायण सेवा हो सकें। इस मौके पर वन डी संजय भाटिया, दर्शन अरोड़ा, प्रिशा, गौरीश, आरुष, भुवन चतुर्वेदी, माता चौक के यातायात इंचार्ज इन्द्रजीत, जसमेर सिंह सहित अन्य समाजसेवी शामिल रहे।

# फरीदाबाद पुलिस की टीम ने आरोपी को देसी कट्टे सहित किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा टीम 31 दिसम्बर को धौज एरिया में गस्त पर थी, गस्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से जासिम को अलफला कॉलेज धौज के पास से काबू किया है। आरोपी से मौके पर देशी कट्टे बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना धौज में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि जासिम गांव पेमा खेडा पुन्हाना नहूं का रहने वाला है। वह देसी कट्टा को पुन्हाना में किसी व्यक्ति से 5000/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# नववर्ष के उपलक्ष्य में भण्डारे का आयोजन

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** द टैक्सटाईल इंडस्ट्रीयल वर्कर्स को. हाऊसिंग सोसाईटी कपड़ा कालोनी के बैनर तले कालोनी की युवा टीम द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक सतीश फागना, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह, कविन्द्र चौधरी, भाजपा नेता धर्मवीर भड़ाना, समाजसेवी अभिषेक गोस्वामी सहित अन्य लोगों ने शिरकत की। इस मौके सुरेश चन्द्र ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से भण्डारे का आयोजन युवा टीम करती आ रही है। जतिन कोरा ने कहा कि नव वर्ष के उपलक्ष्य में युवा टीम हर वर्ष भण्डारे का आयोजन करती आ रही है। इसी कड़ी में आज भी यह भण्डारा आयोजित किया गया। इस मौके पर अशोक कोरा, चन्द्र तिवारी, विनोद यादव, मकरान सिंह चौहान, रमाशंकर, अभय शर्मा, दिलीप यादव, भागवत बसंल, दिवाकर पटेल, शिवा सेठ, सुरेन्द्र गोयल सहित अन्य साथीगण मौजूद रहे।



## संपादकीय

# नई लकीर खींचने की कोशिश

विधानसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत के बाद मध्य प्रदेश में बीजेपी ने तकरीबन अपरिचित चेहरे को राज्य की कमान सौंपने का फैसला लिया, तो राजनीतिक हलकों में हैरत जताई गई थी। उन्हीं मोहन यादव ने बतौर मुख्यमंत्री सालभर की यात्रा पूरी कर ली है। मंत्री के तौर पर मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन का हिस्से रहे, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें समझ आया कि एक या दो विभाग संभालना अलग बात है और पूरे राज्य की कमान के साथ राजनीतिक संतुलन बनाए रखना कठिन चुनौती है। लेकिन मोहन यादव ने इस चुनौती को ना सिर्फ संभाल लिया है, बल्कि नवाचार के साथ शासन और प्रशासन को बखूबी संभाल रहे हैं। शासन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर विशेष भेंट में मोहन यादव ने अपनी चुनौतियों के साथ ही अपने सपनों को जिस सहज अंदाज में साझा किया, वह उनकी राजनीति और चरित्र को समझने का सूत्र है।




**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

बड़ा राजनीतिक दल हो या संभ्रांत परिवार, हर नए नेतृत्व के सामने अक्सर अतीत और पूर्वज से तुलना का सवाल उठ खड़ा होता है। अगर अतीत का नेतृत्व विराट रहा हो तो नए नेतृत्व के हर कदम को पुराने की कसौटी पर कसा जाना स्वाभाविक है। मोहन यादव को बखूबी पता है। वे खुद भी स्वीकार करते हैं कि उनके मुख्यमंत्री बनने से पहले करीब साढ़े अठारह साल तक राज्य में बीजेपी की सत्ता रही। उसकी कमान जिन हाथों में रही, वे प्रभावशाली रहे। मोहन यादव स्वीकार करते हैं कि उनके नेताओं ने जो वायदे किए, जिस जैसा शासन चलाया, उन्हें पूरा करना और उस परिपाटी को बरकरार रखना उनका पाथेय है। मोहन यादव को पता है कि उन्हें अपनी भी एक नई लकीर खींचनी होगी। वे खुलकर इसे स्वीकार नहीं करते, बल्कि खुद को विनम्र कार्यकर्ता बताते हैं। मध्य प्रदेश को लेकर उनके भी अपने कुछ सपने हैं। सपना यह कि समृद्ध और वैविध्यपूर्ण प्राकृतिक संपदा वाला उनका राज्य समृद्ध बने, आर्थिक रूप से समृद्ध हो, कृषि विकास की मौजूदा दर बनी रहे और किसान लगातार समृद्ध होते रहें। सांस्कृतिक रूप से संपन्न राज्य की भारत ही नहीं, वैश्विक मानचित्र पर गहन पहचान भी बने। इन सपनों को हकीकत बनाने के लिए वे अहर्निश जुटे हैं। उनका कहना है कि सोते-जागते हर वक्त उन्हें एक ही चिंता रहती है, यह कि मध्य प्रदेश समृद्ध हो, संपन्न हो और अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के साथ आगे बढ़ता रहे।

मोहन यादव महाकाल की नगरी उज्जैन के निवासी है। उज्जैन में ही भगवान कृष्ण ने संदीपनी ऋषि के आश्रम में शिक्षा ली थी। मोहन यादव कहते हैं कि कंस-वध के बाद कान्हा जी चाहते तो खुद सिंहासन पर बैठ सकते थे। लेकिन उन्होंने कुर्सी की बजाय शिक्षा को चुना और उज्जैन चले आए। जहां सुदामा से उनकी ऐसी मित्रता हुई, जिससे दुनिया आज भी सीख लेती है। मोहन यादव ने कान्हा की याद में 'श्रीकृष्ण पाथेय' परियोजना की कल्पना की है। मोहन यादव कहते हैं कि कंस वध के बाद मथुरा से चलकर कृष्ण उज्जैन आए। यहां उन्होंने शिक्षा ली। 'श्रीकृष्ण पाथेय' के तहत उज्जैन को मथुरा से जोड़ने की योजना है। इस पथ पर तीन राज्य हैं। कृष्ण उत्तर प्रदेश के मथुरा से राजस्थान होते हुए मध्य प्रदेश के उज्जैन पहुंचे थे। श्रीकृष्ण पाथेय करीब साढ़े छह सौ किलोमीटर का होगा। इस पाथेय के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल से मोहन यादव की बात हो चुकी है। यह संयोग ही है कि भजनलाल और मोहन यादव ने तकरीबन साथ-साथ अपने-अपने राज्यों में कमान संभाली थी। मोहन यादव की योजना है कि इस पाथेय को गुजरात के द्वारका तक बढ़ाया जाए। इस सिलसिले में गुजरात सरकार से भी मध्य प्रदेश की बातचीत चल रही है। श्रीकृष्ण पाथेय सही मायने में सांस्कृतिक पथ होगा। मोहन यादव कहते हैं कि लोकजागरण भी उनकी जिम्मेदारी है। इस पाथेय के जरिए दुनिया को दो संदेश देने की कोशिश होगी, पहला शिक्षा का संदेश और दूसरा अमीर-गरीब की मित्रता का संदेश। समाज को जोड़ने में शिक्षा और मित्रता का योगदान अनमोल है। इस पाथेय पर श्रीकृष्ण जहां-जहां रूके, उन-उन जगहों, तीर्थों को विकसित करने और पाथेय पर हस्तशिल्प कलस्टर को बनाने की तैयारी है। इससे जहां पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

## नववर्ष पर कनीना में भंडारे का आयोजन

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नववर्ष के अवसर पर कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर फिलिंग स्अेशन के सामने बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंद नागरिकों ने हलवा,सब्जि-पूडी का प्रसाद ग्रहण किया। व्यापारियों के सहयोग से आयोजित इस भंडारे में यात्रियों,स्थानीय दुकानदारों तथा झुग्गी-झोंपडी में रहने वाले नागरिकों प्रसाद ग्रहण किया।

## वरिष्ठ नागरिक तथा दिव्यांगजनों को 4 जनवरी को कनीना में वितरित किए जाएगें जरूरी उपकरण

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना के राजकीय महाविद्यालय में आगामी 4 जनवरी शनिवार को वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जनशक्ति विकास संगठन के तत्वाधान में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी एवं एलिम्को संगठन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों इलेक्ट्रिक साइकिल, व्हीलचेयर, कमर की बेल्ट, ग्रीवा कॉलर, घुटने के दर्द के गोठियां, कान की मशीन, चलने के वॉकर और बैंत आदि सामान दिया जाएगा। संगठन के प्रधान दीपक वशिष्ठ ने बताया कि लाभार्थी के पास दिव्यांग प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, इलेक्ट्रिक साइकिल की जरूरत वाले व्यक्तियों को 80 फीसदी दिव्यांग प्रमाण-पत्र जरूरी है। आवेदन के साथ आधार कार्ड, एक लाख 80 हजार तक परिवार पहचान पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य हैं।

## धनौंदा में 4 दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आज होगा शुभारंभ

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** धनौंदा के बाबा दयाल की 70वीं स्मृति में आज बृहस्पतिवार, 2 जनवरी से एक पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू होगी। सूरत सिंह ने बताया कि कनीना सब डिवीजन के गांव धनौंदा में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के साथ-साथ दौड भी करवाई जाएगी। जिसमें में धावक 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर सहित वृध भी हिस्सा ले सकेगें। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि कुणाल राव द्वारा किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता अजमेर सिंह दांगी की रहेगी। फुटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न हिस्सों से करीब 35 टीमें पंहुचेगीं। 4 दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन 5 जनवरी को होगा।

# यादराम गर्ग मेवाती ने पिनगवां स्थित फार्म हाउस पर युवाओं के साथ मिठाई खिलाकर मनाया नया साल

### सभी देशवासियों को लिए मंगलमय हो नववर्ष : यादराम गर्ग मेवाती

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** जिले के वरिष्ठ समाजसेवी और भाजपा नेता लाला यादराम गर्ग मेवाती ने पिनगवां स्थित फार्म हाउस पर युवाओं के साथ 2024 को अलविदा कहते हुए 2025 नव वर्ष का स्वागत किया। इस दौरान नववर्ष पर युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए लाला यादराम गर्ग मेवाती ने सभी को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान यादराम गर्ग मेवाती ने सभी देशवासियों को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि नया साल सभी के लिए मंगलमय हो और ढेर सारी खुशियां लाए। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मेवात में इस समय आपसी लड़ाई झगडे बढ़ रहें हैं जो मेवात के लिए और मेवात के भाईचारे के लिए सबसे खतरनाक है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपसी लड़ाई झगडे के चलते ना केवल हम लुट रहे हैं, बल्कि हमारा विनाश भी हो रहा है। आज भाई ही भाई का दुश्मन बन रहा है और एक दुसरे को नीचा दिखाने के लिए हर कोशिश करते हैं। जिससे ना हमें आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि हमारे बच्चों का भविष्य भी अंधकार में जा रहा है। यादराम गर्ग मेवाती ने आगे कहा कि आज मेवात का युवा नशे की दलदल में फंसता जा रहा है, जिससे मेवात के युवाओं का भविष्य बिगड़ता जा रहा है। उन्होंने मेवात के युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि नशा बर्बादी की जड़ है,इसे छोड़ अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें, ताकि उनका परिवार खुशहाल जीवन जी सकें। इस दौरान सभी ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष की बधाई दी।

# शिक्षा व खेल क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाना प्राथमिकता : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

### विभिन्न विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं में लाई जाएगी तेजी

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला नूंह में विभिन्न क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ प्रशासन का प्रयास है कि इस जिला में शिक्षा व खेल क्षेत्र में भी अधिक से अधिक कार्य किए जाएं, ताकि यहां के युवाओं को इन क्षेत्रों में आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर प्राप्त हो सकें। जिला में विभिन्न विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को जल्द पूरा करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उपायुक्त अपने कार्यालय में जिला से संबंधित पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला के विकास के लिए प्रशासन के सभी विभाग प्रयासरत हैं। सभी विभागों से संबंधित परियोजनाओं व जनहित के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। विकास से संबंधित जो भी कार्य अब तक किसी कारणवश शुरू नहीं हो पाए, उन कार्यों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा कर उन्हें जल्द शुरू करवाने के प्रयास किए जाएंगे। जिन कार्यों के संबंध में चंडीगढ़ मुख्यालय पर मामला पेंडिंग है, इसके लिए मुख्यालय स्तर पर भी संपर्क किया जाएगा।

**युवाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ाना प्राथमिकता**

उपायुक्त ने कहा कि जिला विकास योजना के तहत समीक्षा बैठक में गांवों में खेल नर्सरी, खेल मैदान विकसित करने पर जोर दिया गया है और संबंधित विभागों से इस संबंध में प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार आगामी दिनों में जिला में खेल महाकुंभ का आयोजन भी करवाया जाएगा। अगर युवा पीढ़ी की ऊर्जा का खेल, व्यायाम जैसी सकारात्मक गतिविधियों में उपयोग होगा, तो वे नशे जैसी बुराई से बचे रहेंगे। आज के युवा को नशे की आदत से बचाना भी हमारा सामाजिक दायित्व बनता है। इसके लिए उचित माध्यम है कि उन्हें खेलों के साथ जोड़ा जाए। अगर जिला नूंह के युवाओं को खेल क्षेत्र में अच्छे अवसर मिलेंगे, तो निसंदेह यहां के युवा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इस क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

**एमडीए से संबंधित विकास कार्यों में लाई जाएगी तेजी**

उपायुक्त ने कहा कि मेवात विकास अभिकरण की ओर से भी कई परियोजनाओं का कार्य चल रहा है। गत दिनों एमडीए के कार्यों की समीक्षा की गई थी। इन कार्यों को भी जल्द पूरा करवाया जाएगा। उनका प्रयास है कि एमडीए के माध्यम से युवाओं को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ाने में जरूरी मदद दी जाए, ताकि इस क्षेत्र के बच्चे देश के अच्छे संस्थानों व अच्छे कोर्स में दाखिला ले सकें। इसके अलावा अन्य कार्यों की प्रगति में भी तेजी लाई जाएगी।

# जनता की शिकायतों के शीघ्र समाधान करने के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिवर : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

### समाधान शिविर में बुधवार को प्राप्त हुई 6 शिकायतें



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि सरकार की ओर से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रतिदिन सभी कार्यदिवसों में जिला व उपमंडल स्तर पर प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसमें जनता की समस्याओं को सुन कर उनका समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। बुधवार को शिविर में प्राप्त 6 शिकायतों के निवारण के लिए संबंधित विभागों को तत्काल दिशा-निर्देश जारी किए गए। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र में आय संशोधन और पुलिस विभाग, पंचायत विभाग, बिजली विभाग से संबंधित मुद्दे से जुड़ी समस्याओं को लेकर शिकायतकर्ता पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं नागरिकों की भलाई के लिए बनाई गई हैं, और इन योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। उपायुक्त ने संबंधित विभागों से अपेक्षा की कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से समाधान कर नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। यह समाधान शिविर सरकार और प्रशासन की नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक नागरिक को सुगमता से आवश्यक सेवाओं और योजनाओं का लाभ मिले। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित में किए जाने वाले कार्यों को और अधिक ईमानदारी और लगन के साथ अंजाम दें।

# ध्यान, योग से मानव को आंतरिक शक्ति प्रदान होती है : कुसुम मलिक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** जिला एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक ने कहा है कि ध्यान, योग से मानव को आंतरिक शक्ति प्रदान होती है और ईश्वरीय ब्रहमकुमारी विश्वविद्यालय ओमशांति संस्थानों में ध्यान व योग को बढ़ावा देने से वह मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। वह बुधवार सांय नूंह के ओम शांति संस्थान में नव वर्ष के कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्यातिथि यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार भी ध्यान, योग को बढावा दे रही है और विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाएं भी इस ओर शासन-प्रशासन का पूरा सहयोग कर रही है। संस्थान की प्रबंधक बीके संजीवनी ने कहा कि उनके संस्थान में योग, ध्यान साधना के अलावा बाबा की मुरली के जरिये मानव को सुख-शांति का पाठ पढाया जा रहा है। उन्होने नव वर्ष पर सभी को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर काफी बहने, बच्चे व पुरूष मौजूद रहे।

## 19 दिन बाद भी नहीं हो सका बागोत के युवक का अंतिम संस्कार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव बागोत में 26 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के 19वें दिन भी शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। मृतक के परिजन तथा प्रशासनिक अधिकारी असमंजस में हैं। मृतक के पिता कैलाशचंद परेशान होकर 8 व्यक्तियों के विरूध कार्रवाई की मांग को लेकर नंगे बदन अनशन पर बैठने की बात कहने लगे हैं। उनका मानना है कि पुलिस सुसाइड नोट पर कार्रवाई करती है। उनका कहना है कि सरकार व प्रशासन से न्याय नहीं मिला तो वे भी सुसाईड कर सकते हैं। नोट में पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के अलावा कुछ प्रशासनिक अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों व गांव के मोजिजान लोगों तथा रिश्तेदारों द्वारा मृतक के पिता कैलाशचंद को समझाने के काफी प्रयास किए जा चुके हैं। लेकिन वे पहले प्राथमिकी दर्ज करने करने की बात पर अडे हुए हैं। मृतक युवक के शव पोस्टमार्टम बीती 14 दिसंबर को किया गया था। उसके बाद 19 दिन से वह शव उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है।

## नव वर्ष में कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ करते हुए चढें प्रगति की सीढ़ी : एसडीएम



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को कनीना तहसील कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों ने एसडीएम जितेंद्र सिंह अहलावत को गुलदस्ता भेंटकर अभिनंदन किया। इस दौरान एसडीएम जितेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नूतन वर्ष में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा से का करते हुए प्रगति की सीढी चढें। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता का कोई शार्टकट नहीं है। कार्य करते समय होने वाली गलतियों से सबक मिलता है जिसके चलते हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है। कार्यालय के सभी कर्मचारी नियत समय पर ड्यूटी पर आएं ओर आमजन के प्रत्येक जायज कार्य को तत्परता से पूरा करें। नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल ने कहा कि उनकी ओर से आयोजित जनता दरबार में आमजन की शिकायतों को सुनकर शीघ्रता से उनका निराकरण किया जा रहा है। प्रदेश सरदार द्वारा जारी सुविधाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों को मिल रहा है। भू-राजस्व विभाग के पटवारियों ने नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल को भी सम्मानित किया। इस मौके पर कानूनगो उमेद सिंह जाखड, राजसिंह चैहान,प्रावाचक विजय सिंह,विकास कुमार, संजीत, मंजीत, पटवारी प्रदीप कुमार, सीमा शर्मा,विक्रम सिंह,महेंद्र सिंह,शमशेर सिंह,देवेंद्र कुमार, हरिकिशन,पुष्पा देवी,पप्पन, मनोज कुमार उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 35 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ उठाएं



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 तक सबसिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना क लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म, और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी। अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी पीएमएफएमई योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऋण पूर्ति पर 35 प्रतिशत पूंजीगत सबसिडी प्रदान की जाएगी। अधिकतम सबसिडी सीमा 10 लाख रुपये तक है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1200 से अधिक इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है। इच्छुक उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए ईमेल pmfme.haryana@gmail.com या संपर्क नंबर 0172-2996509 पर संपर्क कर सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503






# डलहौजी के प्रमुख पर्यटन स्थल

सतधारा झरना या फाल्स हिमाचल प्रदेश की चंबा घाटी में स्थित है, जो बर्फ से ढके पहाड़ों और ताजे देवदार के पेड़ों के शानदार दृश्यों से घिरा हुआ है। 'सतधारा' का मतलब होता है सात झरने, इस झरने का नाम सातधारा सात खूबसूरत झरनों के जल के एक साथ मिलने की वजह से रखा गया है। इन झरनों का पानी समुद्र से 2036 मीटर ऊपर एक बिंदु पर मिलता है। यह जगह उन लोगों के लिए एक खास है, जो शहर की भीड़-भाड़ वाली जिंदगी से दूर जाकर शांति का अनुभव करना चाहते हैं। सतधारा फाल्स अपने औषधीय गुणों की वजह से भी जानी जाती है, क्योंकि यहां के पानी में अभ्रक पाया जाता है, जिसमें त्वचा के रोग ठीक करने के गुण होते हैं।

# भीड़-भाड़ वाली जिंदगी से दूर जाकर सतधारा फाल्स में लीजिए शांति का अनुभव

**अगर** आप डलहौजी के पास घूमने की अच्छी जगह तलाश रहे हैं तो सतधारा फाल्स आपके लिए एक अच्छी जगह है। इसे स्थानीय भाषा में 'गंडक' के नाम से जाना जाता है। यहां का पानी साफ क्रिस्टल और निर्मल है। राजसी सतधारा झरने का पानी की बूंदे जब चट्टानों पर टकराकर उछलती हैं तो पर्यटकों को बेहद आनंदित करती हैं। यहां पानी से गीली हुई मिट्टी की खुशबू हवा को ताजा कर देती है। सतधारा जलप्रपात को चारों ओर का दृश्य अपनी भव्यता के साथ दर्शकों को बेहद प्रभावित करता है। अगर आप सतधारा फाल्स घूमने के अलावा इसके पर्यटन स्थलों की सैर भी करना चाहते हैं तो इस आर्टिकल को पूरा जरूर पढ़ें, इसमें हमने सतधारा फाल्स जाने के बारे में और इसके पास के पर्यटन स्थलों के बारे में पूरी जानकारी दी है।

## सतधारा जलप्रपात की मुख्य विशेषताएं



सतधारा जलप्रपात का अपना अलग औषधीय मूल्य है। स्प्रिंग्स में तत्व माइका तत्व पाया जाता है, जिसमें ऐसे औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से कई बीमारियों का इलाज कर सकता है। यह चकाचौंध वाला झरने पंचपुला के रास्ते में स्थित हैं, जो डलहौजी में घूमने के लिए एक और बहुत ही लोकप्रिय जगह है। सतधारा झरने से सूर्यास्त का दृश्य बस शानदार दिखाई देता है, पर्यटकों को देखने में ऐसा लगता है कि एक पीली आग की नारंगी गेंद घूमती है और धीरे-धीरे पहाड़ियों के पीछे छुप जाती है।

## सतधारा फाल्स घूमने के लिए टिप्स

- जब आप झरने के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं और इसमें चारों ओर छींटे आपके कपड़ों को गीला कर सकते हैं, इसलिए अतिरिक्त कपड़ें ले जाना न भूलें।
- फॉल्स से सूर्यास्त देखने के लिए वहां उपस्थित रहने की कोशिश करें।
- ऐसे जूते पहनें जो आपको अच्छी पकड़ और आराम दें, क्योंकि चट्टानों में काई से फिसलन होती है।
- अपने साथ कैमरा ले जाना न भूलें।

## सतधारा फाल्स के आसपास के प्रमुख पर्यटन और आकर्षण स्थल

सतधारा फाल्स डलहौजी का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अगर आप इस फाल्स के अलावा डलहौजी के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर करना चाहते हैं तो यहां दी गई जानकारी को जरूर पढ़ें।

## बकरोटा हिल्स

बकरोटा हिल्स जिसे अपर बकरोटा के नाम से भी जाना जाता है, यह डलहौजी का सबसे ऊंचा इलाका है और यह बकरोटा वॉक नाम की एक सड़क का सर्किल है, जो खजियार की ओर जाती है। भले ही इस जगह पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बहुत कुछ नहीं है, लेकिन यहां टहलना और चारों तरफ के आकर्षक दृश्यों को देखना पर्यटकों की आंखों को बेहद आनंद देता है। आपको बता दें कि यह क्षेत्र चारों तरफ से देवदार के पेड़ों और हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा हुआ है।

### सच पास

सच दर्रा पीर पंजाल पर्वत शृंखला के ऊपर 4500 मीटर की ऊंचाई से होकर जाता है और डलहौजी को चंबा और पांगी घाटियों से जोड़ता है। आपको बता दें कि डलहौजी से 150 किमी की दूरी पर यह मार्ग उत्तर भारत में पार करने के लिए सबसे कठिन मार्गों में से एक है, जो लोग एडवेंचर पसंद करते हैं तो अक्सर सच पास (जब यह खुला होता है) का दौरा करते हैं और यहां से बाइक या कार चलाने का रोमांचक अनुभव लेते हैं। अगर आप इस मार्ग से यात्रा करें तो जोखिम न लें और अपने साथ एक अनुभवी ड्राइवर लेकर जाएं। यह चंबा या पांगी घाटी तक पहुंचने के लिए लोगों का पसंदीदा रास्ता है और डलहौजी से ट्रेकिंग के लिए एक प्रसिद्ध बिंदु है।

### सुभाष बावली

सुभाष बावली डलहौजी में गांधी चौक से 1 किमी दूर स्थित एक ऐसी जगह है, जिसका नाम प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रखा गया। सुभाष बावली एक ओर अपने खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों, दूर-दूर तक फैले बर्फ के पहाड़ों दृश्यों और सुंदरता के लिए जाना जाता है। सुभाष बावली वो जगह है, जहां पर सुभाष चंद्र बोस 1937 में स्वास्थ्य की खराबी के चलते आए थे और वो इस जगह पर 7 महीने तक रहे थे। इस जगह पर रहकर वे बिलकुल ठीक हो गए थे। आपको बता दें कि यहां पर एक खूबसूरत झरना भी है, जो हिमनदी धारा में बहता है।

### डैनकुंड पीक

डैनकुंड पीक जिसे सिंगिंग हिल के नाम से भी जाना जाता है, जो डलहौजी में समुद्र तल से 2755 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। आपको बता दें कि यह डलहौजी में सबसे ऊंचा स्थान होने के कारण यहां से घाटियों और पहाड़ों के अद्भुत दृश्यों को देखा जा सकता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए शांत जगह स्वर्ग के सामान है। डलहौजी क्षेत्र में स्थित डैनकुंड सचमुच देखने लायक जगह है, जो अपनी खूबसूरत बर्फ से ढकी चोटियों और हरे-भरे वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। डैनकुंड पीक हर साल भारी संख्या में देश भर से पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करती है।

### गंजी पहाड़ी

गंजी पहाड़ी पठानकोट रोड पर डलहौजी शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक सुंदर पहाड़ी है। इस पहाड़ का नाम गंजी पहाड़ी इसकी खास विशेषता से लिया गया था, क्योंकि इस पहाड़ी पर वनस्पतियों की पूर्ण अनुपस्थिति है। गंजी का मतलब होता है गंजापन। डलहौजी के पास स्थित होने की वजह से यह पहाड़ी एक पसंदीदा पिकनिक स्थल है। सर्दियों के दौरान यह इलाका मोटी बर्फ से ढक जाता है, जो मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है।

### चामुंडा देवी मंदिर

चामुंडा देवी मंदिर देवी काली को समर्पित एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां पर देवी अंबिका ने मुंडा और चंदा नाम के राक्षसों का वध किया था। इस मंदिर में देवी को एक लाल कपड़े में लपेटकर रखा जाता है, यहां आने वाले पर्यटकों को देवी की मूर्ति को छूने नहीं दिया जाता। इस क्षेत्र में पर्यटकों को कई सुंदर दृश्य भी देखने को मिलते हैं।

### रॉक गार्डन

रॉक गार्डन डलहौजी में एक सुंदर उद्यान और एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। इस पार्क में पर्यटक आराम करने के अलावा, इस क्षेत्र में उपलब्ध कई साहसिक खेलों का भी मजा ले सकते हैं, जिनमें जिप लाइनिंग आदि शामिल हैं।

### खाज्जिअर

खाज्जिअर डलहौजी के पास स्थित एक छोटा सा शहर है जिसको 'मिनी स्विट्जरलैंड' या 'भारत का स्विटजरलैंड' के नाम से भी जाना जाता है। इस स्थान की खूबसूरती हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। 6,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित खाज्जिअर अपनी प्राकृतिक सुंदरता की वजह से डलहौजी के पास घूमने की सबसे अच्छी जगहों में से एक हैं। इस जगह होने वाले साहसिक खेल जोरबिंग, ट्रेकिंग पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

### पंचपुला

पंचपुला हरे देवदार के पेड़ों के आवरण से घिरा एक झरना है, जो डलहौजी के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। पंचपुला वो जगह है, जहां पर पांच धाराएं एक साथ आती हैं। पंचपुला की मुख्य धारा डलहौजी के आसपास विभिन्न जगहों में पानी की पूर्ति करती है। यह जगह ट्रेकिंग और खूबसूरत दृश्यों की वजह से जानी जाती है। पंचपुला के पास एक महान क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह (शहीद भगत सिंह के चाचा) की याद में एक समाधि बनाई गई है, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली थी। मानसून के मौसम में इस जगह के प्राचीन पानी का सबसे अच्छा आनंद लिया जाता है, जब पानी गिरता तो यहां का वातावरण पर्यटकों को आनंदित करता है।

## डलहौजी जाने के लिए यह है सबसे अच्छा समय

डलहौजी अपनी आदर्श जलवायु की वजह से एक ऐसी जगह है, जहां आप पूरे वर्ष भर घूम सकते हैं। हालांकि, डलहौजी जाने का सबसे अच्छा समय मार्च-जून के बीच का होता है। मार्च और अप्रैल के महीनों में यहां पर बर्फ पिघलना शुरू हो जाती है और जब सूरज की किरणें बर्फ से ढके पहाड़ों और चरागाहों से टकराती है, तब इस जगह की चमक देखने लायक होती है। इस समय यहां का मौसम बहुत सुहावना रहता है आप मार्च और अप्रैल में ठंड का अनुभव कर सकते हैं और जून के महीने में यहां का तापमान थोड़ा बढ़ने लगता है। गर्मियों के महीनों में भी डलहौजी का मौसम काफी अच्छा होता है, जिसकी वजह से यह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग के सामान है। मानसून भी यहां का मौसम सुहावना है, क्योंकि मध्यम वर्षा से आपकी योजनाओं में कोई रुकावट नहीं आती। डलहौजी में सर्दियां साहसिक गतिविधियों के लिए सही हैं।

**हवाई जहाज से सतधारा फाल्स ऐसे पहुंचें:** हवाई जहाज से डलहौजी पहुंचने कांगड़ा में गग्गल हवाई अड्डा इसका सबसे निकटतम घरेलू हवाई अड्डा है। यह हवाई अड्डा शहर से 13 किमी दूर है और यहां से डलहौजी हिल स्टेशन तक पहुंचने के लिए टैक्सी आसानी से उपलब्ध हैं। इसके अलावा आप अन्य हवाई अड्डे चंडीगढ़ (255 किमी), अमृतसर (208 किमी) और जम्मू (200 किमी) के लिए भी उड़ान ले सकते हैं।

**रेलगाड़ी से सतधारा फाल्स ऐसे पहुंचें:** डलहौजी का सबसे निकटतम रेल स्टेशन पठानकोट है, जो इस पहाड़ी शहर से 80 किमी दूर स्थित है और भारत के विभिन्न शहरों, जैसे दिल्ली, मुंबई और अमृतसर से कई ट्रेनों के माध्यम से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। पठानकोट रेलवे स्टेशन से डलहौजी पहुंचने के लिए आपको बाहर से टैक्सियां मिल जाएंगी।

**सड़क मार्ग से सतधारा फाल्स ऐसे पहुंचें:** डलहौजी सड़क मार्ग की मदद से आसपास के प्रमुख शहरों और जगहों से जुड़ा हुआ है। राज्य बस सेवा और लक्जरी कोच डलहौजी को आसपास की सभी प्रमुख जगहों और शहरों से जोड़ते हैं। दिल्ली से डलहौजी के लिए रात भर लक्जरी बसें भी उपलब्ध हैं। इस मार्ग पर टैक्सी और निजी वाहन भी मिल जाते हैं।



# स्त्री की देह के आकार वाली है रेणुका झील

**रेणुका झील** हिमाचल प्रदेश के नाहन से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रेणुका झील की समुद्र तल से ऊंचाई लगभग 2200 फीट है। यह एक अत्यंत रमणीक झील है, जो लगभग तीन किलोमीटर लंबी तथा आधा किलोमीटर चौड़ी एक अदभुत झील है। इस झील का आकार एक लेटी हुई स्त्री की देह के समान है। जो इसे अदभुत एवं अनोखा बनाता है।

इस झील के चारों ओर हरियाली एवं इसके पानी मे अठखेलियां करती मछलियां पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। इस झील की गणना एक पावन तीर्थ स्थल के रूप में भी की जाती है। हर वर्ष दिपावली के लगभग दस दिन बाद यहां एक विशाल मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। झील के किनारे मां रेणुका और परशुराम का प्रसिद्ध मंदिर है तथा एक छोटा सा चिडियाघर है, जो पर्यटकों को काफी पसंद आता है। झील में मनोरंजन के लिए बोटिंग करने की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें बैठकर सैलानी झील के चारों ओर की प्राकृतिक सुंदरता के दर्शन कर सकते हैं, रेणुका झील का स्त्री रूपी आकार देखने के लिए यहा से आठ किलोमीटर ऊपर जामु चोटी पर जाना पड़ता है। जहां से रेणुका झील का आकार लेटी हुई स्त्री की देह के समान दिखाई पड़ता है।

## रेणुका झील का इतिहास

रेणुका झील कैसे बनी और इसकी धार्मिक महत्व के पीछे कई मशहूर दंत कथाए प्रचलित हैं। एक कहानी के अनुसार कहा जाता है कि बहुत समय पहले यहां राजा रेणु रहा करते थे। उनकी दो सुंदर पुत्रियां थीं, जिनमें से एक नैनुका तथा दूसरी पुत्री रेणुका थी। एक बार राजा ने दोनो पुत्रियों से प्रश्न किया कि वो किसका दिया खाती हैं, जिसके जवाब में नैनुका ने कहा कि वह अपने पिता का दिया खाती है। जबकि रेणुका ने जवाब दिया कि वह भगवान का दिया और अपने नसीब का खाती हूं। रेणुका के जवाब से राजा अप्रसन्न हो गए और उन्होंने रेणुका को सबक सिखाने का निर्णय लिया। कुछ समय बाद राजा ने बड़ी पुत्री नैनुका का विवाह बड़ी धूम-धाम से एक पराक्रमी राजा सहस्त्रबाहु से कर दिया और छोटी पुत्री रेणुका को सबक सिखाने रेणुका का विवाह एक सीधे साधे तपस्वी ऋषि जमदग्नि से कर दिया। हालांकि रेणुका राजसी ठाठ-बाट मे पली बढ़ी थी। फिर भी उसने ऋषि जमदग्नि को अपना पति स्वीकार किया और तन मन से उसकी सेवा करने लगी। एक दिन राजा सहस्त्रबाहु की दृष्टि रेणुका पर पड़ी तो वह उसे देखता ही रह गया। वास्तव में रेणुका का रूप लावण्य उसके हृदय में उतर गया था। उसने उसी समय रेणुका को अपनी रानी बनाने का फैसला किया और रेणुका को पाने की युक्ति सोचने लगा। अपने षड्यंत्र के तहत एक दिन वह चुपचाप ऋषि जमदग्नि के आश्रम पहुंचा और ध्यानमग्न जमदग्नि को उसने अपने बाण से मार डाला। उसके बाद वह रेणुका का चीरहरण करने उसकी तरफ बढ़ा। रेणुका सहस्त्रबाहु के अपवित्र इरादों को भांप गई और भागकर नीचे तलहटी मे जा पहुंची। सहस्त्रबाहु रेणुका का पीछा करता हुआ, उसके पीछे दौड़ा। इससे पहले वह रेणुका को पकड़ पाता। एकाएक धरती फटी और देखते ही देखते रेणुका उसमें समा गई। रेणुका के धरा में समाते ही पानी की धाराएं फूट पड़ी और देखते ही देखते उस स्थान ने एक झील का रूप धारण कर लिया। तभी से यह झील रेणुका झील के नाम से प्रसिद्ध हो गई।

## रेणुका झील कैसे पहुंचें



### हवाई मार्ग

मुब्बार हटटी यहां का सबसे नजदीकी हवाई अड्डा है, जो यहां से 40 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां से टैक्सी द्वारा जाया जा सकता है।

### रेल मार्ग

यहां का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन कालका है, जो लगभग 110 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां से आप बस या टैक्सी के द्वारा जा सकते हैं।

### सड़क मार्ग

यह स्थल सड़क मार्ग से जुड़ा है।

## मृतक इंजीनियर अतुल सुभाष के पिता सुप्रीम कोर्ट में जबाव दें, कर्नाटक हाईकोर्ट का निर्देश

बेंगलुरु । कर्नाटक हाईकोर्ट ने पिछले माह बेंगलुरु में आत्महत्या करने वाले इंजीनियर अतुल सुभाष के पिता को उनकी पुत्रवधू और मामले में आरोपी निकिता की न्यायिक हिरासत के बारे में सुप्रीम कोर्ट को जवाब देने का निर्देश दिया है सुप्रीम कोर्ट नाबालिग पोते की अभिरक्षा मांग रहीं सुभाष की मां की याचिका पर सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति हेमंत चंदनगौदार ने निकिता की याचिका पर सुभाष के पिता को निर्देश दिया। कथित आरोपी निकिता ने खुद को गिरफ्तार करने और पति की मौत के बाद उसके खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करने को चुनौती दी है। निकिता के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल की गिरफ्तारी गैर-कानूनी है और पुलिस गिरफ्तारी का आधार बताने में विफल साबित हुई है। कुमार ने निकिता को अंतरिम जमानत देने का अनुरोध कर कहा कि आरोपी को शीर्ष अदालत में खुद का बचाव करने की जरूरत है। हालांकि राज्य लोक अभियोजक-2 ने जांच का विवरण प्रदान करने के लिए छह जनवरी तक का समय मांगा। सुनवाई के दौरान निकिता के वकील ने कहा कि निचली अदालत ने उसकी और अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए चार जनवरी की तारीख तय की है।

## जलगांव में मंत्री की कार से टक्कर लगने पर हंमागा, 6 गाड़ियां, 15 दुकानें फूंकी

जलगांव। महाराष्ट्र के जलगांव के पारधी में साल 2024 की रात मंत्री गुलाब राव पाटिल के समर्थकों और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद भीड़ ने 6 गाड़ियों और 15 दुकानों में आग लगा दी। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। इसके बाद जलगांव में 2 जनवरी सुबह 6 बजे तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंत्री गुलाब राव पाटिल की गाड़ी में उनका परिवार नए साल के जश्न में शामिल होने गया था। ड्राइवर ने हॉर्न बजाने और टक्कर लगने पर गांव वालों से बहस हो गई। झगड़े की खबर लगते ही गांव के कुछ लोग और शिवसेना के कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए। इसके बाद वहां खड़ी गाड़ियों और दुकानों में आग लगा दी गई। पुलिस ने 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने 8 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एडीशनल एसपी कविता नेरकर ने बताया कि 20 से 25 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धरणगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। जलगांव के कई इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात है। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।

## सलझंडी में सूर्यकिरण युद्धाभ्यास में जुटीं भारत-नेपाल की सेनाएं

नई दिल्ली। भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच सलझंडी (नेपाल) में सूर्यकिरण युद्धाभ्यास की शुरुआत हुई। यह 13 जनवरी 2025 तक चलेगा। सेना ने बताया कि दोनों देशों की पैदल सेना की बटालियन एक साथ अंतर-संचालनीयता और अनुभवों को साझा करने के लिए संयुक्त रूप से प्रशिक्षण करेंगे। युद्ध के अपरंपरागत खतरों जैसे आतंकवाद से मुकाबले, आतंकी अभियानों और मानवीय सहायता व आपदा राहत अभियान इसका हिस्सा होंगे। युद्धाभ्यास की शुरुआत के लिए नेपाली सेना की तरफ से एक पारंपरिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारत और नेपाल के सैन्य दस्ते अपनी-अपनी सैन्य धुनों के साथ कदमताल करते हुए समारोह स्थल तक पहुंचे। नेपाल सेना के मध्य पश्चिमी डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रेम बहादुर गुरुंग ने समारोह को संबोधित करते हुए दोनों सैन्य टुकड़ियों से एक-दूसरे के जरूरी अनुभवों से लाभ लेने की अपील की। युद्धाभ्यास से दोनों सेनाओं की अंतर-संचालनीयता से आपसी भाईचारे की भावना बढ़ेगी। मालूम हो कि भारतीय सेना की टुकड़ी 29 दिसंबर को नेपाल पहुंच गई थी।

## नए साल के पहले दिन भूकंप से थर्राई कच्छ की धरती, कोई नुकसान नहीं

अहमदाबाद । नए साल 2025 के पहले दिन ही सीमावर्ती जिले में भूकंप का झटका महसूस किया गया। कच्छ के भचाऊ में भूकंप के झटके से लोगों में दहशत फैल गई। हांलाकि भूकंप मामूली तीव्रता का होने से किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक आज नए साल 2025 के पहले दिन कच्छ जिले के भचाऊ में भूकंप से जमीन थर्रा उठी। भूकंप का केंद्र भचाऊ से 23 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में दर्ज किया गया। अचानक आए भूकंप के झटके के बाद लोग घर से बाहर निकल आए। हालांकि भूकंप से किसी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा। सुबह 10 बजकर 24 मिनट पर 3.2 तीव्रता का भूकंप आया।

## मौसम विज्ञान विभाग का का दावा, 1901 के बाद से 2024 भारत में रहा सबसे गर्म साल

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 1901 में रिकॉर्ड रखने की शुरुआत के बाद से वर्ष 2024 को आधिकारिक तौर पर भारत में सबसे गर्म वर्ष घोषित किया गया है। देश में औसत न्यूनतम तापमान का अनुभव हुआ जो लंबी अवधि के औसत से 0.90 डिग्री सेल्सियस अधिक था, जो जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित करता है। एक वर्चुअल प्रेस ब्रीफिंग में, आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने खुलासा किया कि 2024 में वार्षिक औसत भूमि सतह हवा का तापमान दीर्घकालिक औसत (1991-2020 अवधि) से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक था। इसने 2016 में बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जब औसत तापमान सामान्य से 0.54 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस के अनुसार, 2024 विश्व स्तर पर सबसे गर्म वर्ष होने की उम्मीद है, जिसमें औसत तापमान पहली बार पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की महत्वपूर्ण सीमा को पार कर जाएगा। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन और क्लाइमेट सेंट्रल की एक संयुक्त समीक्षा में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि 2024 में पिछले वर्षों की तुलना में दुनिया भर में औसतन 41 अतिरिक्त दिनों की खतरनाक गर्मी देखी गई।

# अब तक कुल 3 करोड़ 22 लाख घरों को मंजूरी, इसमें 2 करोड़ 68 लाख घर तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत अब तक कुल 3 करोड़ 22 लाख घरों को मंजूरी दी जा चुकी है। इसमें 2 करोड़ 68 लाख घर तैयार हैं। साल 2024 में 1 अप्रैल से मंजूर किए गए करीब 28 लाख घरों में से करीब 2 प्रतिशत का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि करीब 88 प्रतिशत के लिए अनुदान की पहली किस्त जारी की जा चुकी है। यानी 30 दिसंबर तक 54 हजार 582 घरों का निर्माण पूरा हो चुका है।

मोदी सरकार ने पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत 2024 तक पानी, बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं से लैस 2 करोड़ 95 लाख पक्के घर लोगों को देने का लक्ष्य रखा था। अपने तीसरे कार्यकाल में मोदी सरकार ने 9 अगस्त 2024 को योजना का विस्तार किया और वित्त वर्ष 2024-25 से लेकर वित्त वर्ष 2028-29 के बीच ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ और आवास बनाने की मंजूरी दी।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 30 दिसंबर 2024 तक राज्यों और




केंद्र शासित प्रदेशों को कुल 3 करोड़ 33 लाख आवास अलॉट हुए थे। इसमें से राज्यों की ओर से औपचारिकताएं पूरी करने पर 3 करोड़ 22 लाख घरों के लिए स्वीकृति मिल चुकी थी।

इसके अलावा, 3 करोड़ चार लाख घरों के लिए अनुदान की पहली किस्त जारी की जा चुकी थी और 2 करोड़ 68 लाख घर बनकर तैयार हो चुके थे। मंत्रालय के मुताबिक, 2024 में 1 अप्रैल से 30 दिसंबर के बीच 28 लाख 17 हजार 22 मकानों की मंजूरी दी गई। इसमें से 22 लाख 97 हजार 880 के लिए अनुदान की पहली किस्त जारी की जा चुकी थी और 30 दिसंबर तक 54 हजार 582 घरों का निर्माण पूरा हो चुका था। पीएम नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर को इस योजना के 10 लाख से अधिक लाभार्थियों को अनुदान की पहली किस्त जारी की थी और आवास प्लस ऐप भी लॉन्च किया था।

### 2024 में 242 गांवों में ऑल-वेदर रोड बनी

मंत्रालय ने बताया कि पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 2024 में 242 गांवों में ऑल-वेदर रोड बनाई गईं। इस योजना के तहत कुल 21,584 किलोमीटर सड़कों और 427 पुलों की मंजूरी दी गई। इसमें 19,606 किलोमीटर सड़कें बनाई गईं और 3,489 पुलों का निर्माण किया गया। इस दौरान राज्यों की हिस्सेदारी सहित कुल 17,415 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

## नए साल में राजद का नया नारा, आओ चलें तेजस्वी संग, सरकार बनेगी अबकी यंग




पटना । नए साल पर नए पोस्टर और नए नारे के साथ लालू यादव की पार्टी आरजेडी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी का आगाज कर दिया है। पटना स्थित राजद मुख्यालय के बाहर पोस्टर लगा है। जिसमें एक कविता के साथ हाल ही में तेजस्वी ने जिन योजनाओं की घोषणा की थी, उनका जिक्र है। पोस्टर में लिखा है कि आओ चलें तेजस्वी संग, सरकार बनेगी अबकी यंग। पोस्टर में तेजस्वी की फोटो दिख रही है। ये पोस्टर आरजेडी के प्रदेश महासचिव भाई अरुण ने लगवाया है। पोस्टर के द्वारा लोगों को नए साल की बधाई भी दी है। राजद के नए पोस्टर में लिखा है नया साल है नई उमंग, आओ जुड़ें राजद संग। 2500 रूपए माई-बहिन को, 1500 बुजुर्ग अभिभावक को। युवाओं को रोजगार मिलेगा, मुफ्त 200 यूनिट बिजली संग। आओ चलें तेजस्वी संग, सरकार बनेगी अबकी यंग। पोस्टर के भी कई मायने निकल रहे हैं। दरअसल बीते कई दिनों से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी सीएम नीतीश पर हमलावर हैं। उन्हें थका हुआ बता चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा था कि अब मुख्यमंत्री थक चुके हैं, खुद फैसले भी नहीं ले पा रहे हैं। कुछ लोगों ने उन्हें हाईजैक कर लिया है। तेजस्वी ने आरोप लगाया कहा था कि उन्हीं की पार्टी के चार नेता सरकार चला रहे हैं। बिहार चलाना अब उनके बस की बात नहीं है।

## बांग्लादेशी हिंदुओं को लेकर सीएम सरमा का बड़ा बयान, पीएम मोदी स्थिति को सुधारने में जुटे



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बांग्लादेशी हिंदुओं के भारत में आने को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। सीएम सरमा ने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं की संख्या बहुत कम है और जो आना चाहते थे, वे 40 साल पहले ही आ चुके हैं। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, मुझे लगता है कि हमें उन्हें भारत आने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार बांग्लादेश में सुरक्षा सुनिश्चित करने और वहां की स्थिति को स्थिर बनाने के लिए वहां की सरकार से संपर्क में हैं। बांग्लादेश के हिंदू भी परिपक्वता से काम कर रहे हैं।

असम सीएम ने दावा किया कि पिछले पांच महीनों में असम में किसी भी बांग्लादेशी हिंदू के आने की सूचना नहीं मिली है। मुख्यमंत्री का यह बयान अब आया है जब असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन (एनआरसी) का मुद्दा गरम है।

पिछले माह असम के मुख्यमंत्री ने कहा था कि असम पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में पांच बच्चों सहित 22 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु से गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद 16 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया, वे दक्षिण सलमार जिले की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच के बाद पता चला कि पकड़े गए लोग बांग्लादेशी थे।

## साल 2024 में यूपी पुलिस ने तीन आतंकियों समेत 217 का किया एनकाउंटर

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी पुलिस के वार्षिक लेखाजोखा देर शाम को जारी किया गया। जिसमें पिछले सात साल के अंदर किये गये कार्यों का ब्योरा दिया गया था। सात साल में पुलिस ने 217 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इसी वर्ष पंजाब पुलिस के साथ यूपी पुलिस ने खालिस्तान के तीन आतंकियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया।

वहीं, गैंगस्टर के तहत माफिया व अन्य अपराधियों की 140 अरब रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली। साथ ही 7546 अपराधियों को सजा दिलाई है। यूपी पुलिस द्वारा जारी किये गये आंकड़ों के मुताबिक 20 मार्च 2017 से 28 दिसम्बर 2024 तक 217 अपराधी मुठभेड़ में ढेर किए गए। पुलिस ने 7799 बदमाश को पैर में गोली मार कर घायल कर गिरफ्तार किया। 17 पुलिसकर्मियों की जान चली गई और



1644 पुलिस कर्मी घायल हुए। 924 अपराधियों पर रासुका की कार्रवाई की गई।

लखनऊ के चिनहट स्थित आईओबी बैंक के दो बदमाशों को मार गिराया और कई आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना का दो दिन में ही खुलासा कर दिया। पुलिस ने सुलतानपुर जिले में सराफा कारोबारी की दुकान में डकैती डालने वाले एक लाख रुपए के इनामी मंगेश यादव का भी एनकाउंटर किया। चिह्नित माफिया गिरोहों के 1391 सदस्यों को जेल भेजा गया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम कर रहे एंटी रोमियो टीम ने 18,926 आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की। पूरे प्रदेश में 212 अवैध टैक्सी स्टैण्ड हटाये गए। यूपी पुलिस कानून व्यवस्था के मामले में बेहतर रही है। वर्ष 2024 में अयोध्या राम मंदिर में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में यूपी पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर रही है। वहीं टी-20 क्रिकेट मैच जैसे आयोजनों का सकुशल कराकर यूपी पुलिस ने काफी प्रशंसा बटोरी। बहराइच और संभल में हिंसा भड़कने पर पुलिस ने सक्रियता दिखाई। पुलिस ने तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए हालात पर काबू पाया।

## वर्ष 2025 उत्तराखंड के लिए नई उपलब्धियों वाला ऐतिहासिक वर्ष होगा: सीएम धामी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नववर्ष के अवसर पर शुभकामनाएं दीं है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस वर्ष को नई उपलब्धियों के साथ ऐतिहासिक वर्ष बनाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस वर्ष उत्तराखंड पूरी तरह युवा हो जाएगा, क्योंकि राज्य अपने गठन के 25 वर्ष पूरे कर लेगा। उन्होंने कहा कि युवा राज्य पूरे जोश और उत्साह के साथ नई गति प्राप्त करेगा। एएनआई से बात करते हुए धामी ने कहा, 'मैं सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं... हम सभी को प्रधानमंत्री की प्रेरणा से इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाना है। उत्तराखंड का हर निवासी यह सुनिश्चित करने में योगदान देगा कि उत्तराखंड हर क्षेत्र में अग्रणी हो... नया साल नई उपलब्धियों के लिए होगा और हमारा संकल्प पूरा होगा और हम राज्य के रजत जयंती वर्ष में कई उपलब्धियां हासिल करेंगे।' उन्होंने कहा, 'हमारे सभी सरकारी विभाग भी इसमें पूरे मनोयोग से काम करेंगे। हम इस वर्ष को नई उपलब्धियों के साथ ऐतिहासिक वर्ष बनाएंगे, क्योंकि हम 25वें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं और 25 वर्षीय उत्तराखंड आज पूरी तरह युवा हो गया है और युवाओं को पूरे जोश और उत्साह के साथ नई गति मिलेगी।' भारत ने वर्ष 2025 का स्वागत पूरे देश में जश्न के साथ किया, क्योंकि विभिन्न शहरों में लोगों ने इस अवसर को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। कई शहरों में पार्टियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लाइव संगीत प्रदर्शनों और थीम आधारित सजावट के साथ नए साल का जश्न शुरू हो गया। दिल्ली में हौज खास, कनॉट प्लेस और लाजपत नगर जैसी मशहूर जगहों पर नए साल का जश्न मनाने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षित जश्न सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पुलिस ने पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम कर रखे थे। पंजाब के अमृतसर में लोग नए साल का स्वागत करने के लिए स्वर्ण मंदिर में एकत्र हुए। कई शहरों के होटलों में भी इस अवसर पर विशेष समारोह आयोजित किए गए। मध्य प्रदेश के भोपाल में लोग 2025 का स्वागत करते हुए सड़कों पर नाचते हुए देखे गए। इसी तरह लखनऊ में भी लोगों ने रात 12 बजते ही नाचते हुए जश्न मनाया।

## सनातन धर्म वाली टिप्पणी पर कायम हूं, बीजेपी के हमलों के बीच पिनाराई विजयन ने एक फिर किया साफ

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन सनातन धर्म पर अपनी टिप्पणी पर अड़े हैं, जो उन्होंने शिवगिरी तीर्थयात्रा के उद्घाटन के दौरान की थी। तिरुवनंतपुरम में मुख्यमंत्री द्वारा बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में पिनाराई विजयना ने कहा कि वह अपना बयान नहीं बदलेंगे। उन्होंने कहा मैंने कल जो कहा था, मैं उस पर कायम हूं। वे श्री नारायण गुरु को सनातन धर्म के प्रवक्ता के रूप में चित्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह सही नहीं है। उन्होंने भाजपा के उन आरोपों का भी जवाब दिया कि वह वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। अगर यह वोट-बैंक की राजनीति है, तो क्या मुझे कुछ और नहीं कहना चाहिए? मैंने जो कहा वह यह था कि श्री नारायण गुरु को संतान धर्म का प्रवक्ता बनाने का प्रयास न करें।



केरल के मुख्यमंत्री को तिरुवनंतपुरम जिले के वर्कला शहर में शिवगिरी तीर्थयात्रा के संबंध में एक कार्यक्रम में दिए गए अपने बयानों के लिए भाजपा नेताओं की भारी आलोचना का सामना करना पड़ा। वार्षिक तीन दिवसीय शिवगिरी तीर्थयात्रा 30 दिसंबर को शुरू हुई, और यह श्री नारायण गुरु के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। सनातन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण अंग 'चतुर्वर्ण्यम्' पर आधारित 'वर्णाश्रम धर्म' है। इसने क्या कायम रखा है? किसी की जाति के आधार पर नौकरियाँ। लेकिन श्री नारायण गुरु ने क्या किया है? उन्होंने किसी के धर्म के आधार पर नौकरी करने की धारणा को खारिज करने को कहा।

विजयन ने यह भी कहा कि (श्री नारायण) गुरु सनातन धर्म के प्रवक्ता या अभ्यासकर्ता नहीं थे। बल्कि, वह एक भिक्षु था जिसने उस धर्म को तोड़ा और नए युग के लिए नए युग के 'धर्म' की घोषणा की। वह समाज सुधारक को सनातन धर्म के समर्थक के रूप में चित्रित करने के प्रयास की निंदा कर रहे थे।

## भाजपा सत्ता में आई तो संदेशखली मामले की जांच होगी और ममता जेल जाएंगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने पर भाजपा संदेशखली में हुए अत्याचारों की जांच के लिए एक आयोग का गठन करेगी और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को जेल भेजेगी। भाजपा नेता अधिकारी ने यह बयान संदेशखाली में दिया। ज्ञात हो कि एक दिन पहले सीएम ममता बनर्जी ने इस इलाके का दौरा किया था। संदेशखली में भाजपा के एक आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने सीएम ममता पर शाहजहां शेख जैसे स्थानीय टीएमसी नेताओं के खिलाफ विरोध करने के लिए लोगों को दंडित करने के लिए 2024 के चुनावों से पहले क्षेत्र में महिलाओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने की साजिश रचने का आरोप लगाया।



शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बनर्जी ने लोगों से कहा है कि जो कुछ भी हुआ है उसे भूल जाएं, संदेशखली के लोग इसे नहीं भूलेंगे। मैं भी नहीं भूलूंगा। अगर भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो संदेशखली घटनाओं की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपने संदेशखली की महिलाओं को फंसाया था और जेल भेजा था, महिलाओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराने पर भाजपा आपको भी जेल भेजेगी। भाजपा नेता अधिकारी ने कहा कि हम कानून के आधार पर बदला लेंगे और संविधान की सीमा के भीतर रहेंगे।

फरवरी 2024 में संदेशखाली के इलाके में कुछ स्थानीय टीएमसी नेताओं पर आरोप लगे थे कि उन्होंने महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया था और जमीन हड़प लिया था। इस घटना का जिक्र करते हुए सीएम ममता ने सोमवार को कहा था, मुझे पता है कि इसके पीछे एक बड़ा खेल था और इसमें पैसे का प्रभाव भी था, लेकिन बाद में लोगों को एहसास हुआ कि पूरा मामला झूठा है। सच्चाई आखिरकार सामने आती है। जो बीत गई सो बात गई। मैं इन बातों को मन में नहीं रखना चाहती हूं।

## मुंबई हमले का आरोपी जल्द लाया जाएगा भारत, अमेरिका अदालत ने दी प्रत्यर्पण की इजाजत

**-राणा ने मुम्बई हमलों के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी**

**मुंबई (एजेंसी)।** 26/11 मुम्बई आतंकी हमलों में शामिल तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाया जा सकता है। राणा को भारत लाने की प्रक्रिया राजनयिक चैनलों के जरिए मिल रही है। बता दें अगस्त 2024 में अमेरिकी अदालत ने फैसला सुनाया कि राणा को दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। अदालत ने तब राणा की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने मुम्बई आतंकी हमलों में अपनी संलिप्तता के लिए भारत को प्रत्यर्पित करने का विरोध किया था। अदालत ने माना कि भारत ने राणा के खिलाफ पर्याप्त प्रमाण प्रस्तुत किए थे, जिससे यह साबित होता है कि प्रत्यर्पण आदेश सही था।

राणा का नाम मुम्बई पुलिस ने 26/11 हमलों के संबंध में अपनी चार्जशीट में शामिल किया था। उस पर पाकिस्तान की इंटरसर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक सक्रिय सदस्य के रूप में काम करने का आरोप है। चार्जशीट में कहा गया है कि राणा ने मुम्बई हमलों के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी, जिसने हमलों के लिए मुम्बई में जगहों की रेकी की थी।

अदालत ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण संधि में नॉन-बिस इन आइडम अपवाद है। यह तब लागू होता है जब आरोपी को उस अपराध के लिए पहले ही दोषी ठहराया या बरी किया जा चुका हो। अदालत ने यह भी कहा कि राणा के खिलाफ भारत में लगाए गए आरोप अमेरिकी अदालतों में उनके खिलाफ चलाए गए मामलों से अलग हैं, इसीलिए नॉन-बिस इन आइडम अपवाद लागू नहीं होता।

26/11 मुम्बई आतंकी हमलों के करीब एक साल बाद एफबीआई ने शिकागो में राणा को गिरफ्तार किया था। राणा और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली ने मिलकर मुम्बई हमलों के लिए जगहों की रेकी की थी और पाकिस्तान के आतंकवादियों को हमले को अंजाम देने के लिए खाका तैयार किया था।



## संक्षिप्त समाचार

### द. कोरिया में मार्शल लॉ लगाने वाले राष्ट्रपति के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में हाल ही में रातों रात मार्शल लॉ लगाने वाले राष्ट्रपति यून की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रपति यून सुक येओल को हिरासत में लेने और उनके दफ्तर और घरों की तलाशी लेने के लिए वारंट जारी किए हैं। देश में भ्रष्टाचार की जांच करने वाली एजेंसी ने कहा है कि वह इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या उनकी घोषणा विद्रोह के बराबर थी। वहीं विपक्षी दलों ने संसद में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव भी पेश किया है। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों के एक बयान के मुताबिक सियोल की एक कोर्ट ने यून को हिरासत में लेने और कार्यालय और घर की तलाशी लेने के लिए वारंट जारी किए। दक्षिण कोरिया के कानून की बात करें तो विद्रोह का दोषी पाए जाने पर उन्हें मौत की सजा या आजीवन कारावास की सजा भी दी जा सकती है। फिलहाल राष्ट्रपति पद पर होने की वजह से यून को ज्यादातर आपराधिक मुकदमों से छूट मिली है। हालांकि यह विशेषाधिकार विद्रोह या देशद्रोह के आरोपों में नहीं मिलता है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक यून को औपचारिक रूप से पद से नहीं हटाया जाता तब तक हिरासत में लेने या तलाशी लेने की संभावना कम है। यून ने दिए थे तर्क गौरतलब है कि 14 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू लगने के बाद विपक्ष द्वारा नियंत्रित नेशनल असेंबली ने यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया था। तब से राष्ट्रपति यून की शक्तियां निलंबित हैं। देश में अचानक लगाए गए मार्शल के बाद सैकड़ों सैनिक और पुलिस अधिकारी सियोल की सड़कों पर उतर आए थे। यून ने तर्क दिया था कि उनका आदेश पूरी तरह वैध था। उन्होंने कहा था कि विपक्षी पार्टियों उत्तर कोरिया के साथ मिलकर देश को कमजोर करने का काम कर रही है। द कोरिया की संवैधानिक कोर्ट को यह तय करना है कि यून को राष्ट्रपति पद से बर्खास्त किया जाए या नहीं। विशेषज्ञों ने कहा कि यून वारंट की अनदेखी कर सकते हैं। यून के एक वकील ने सोमवार को भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी के वारंट को खारिज करते हुए कहा है कि विद्रोह के आरोपों की जांच करने के लिए उनके पास कानूनी अधिकार नहीं है।

### राष्ट्रपति पद छोड़ने से पहले यूक्रेन की बड़ी मदद कर गए बाइडन, 2.5 बिलियन डॉलर देने का ऐलान




**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस के खिलाफ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के लिए अमेरिका ने फिर मदद का हाथ बढ़ाया है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि यूएस यूक्रेन को लगभग 2.5 बिलियन डॉलर और हथियार भेजेगा। अमेरिकी प्रशासन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यालय संभालने से पहले कीव को मजबूती देना चाहता है। रूस से लड़ने में मदद के लिए संसाधन मुहैया कराने का काम तेजी से चल रहा है। ताजा पैकेज में राष्ट्रपति के ड्रॉडाउन अथॉरिटी का 1.25 बिलियन डॉलर शामिल है, जिससे सेना को युद्ध के मैदान में तेजी से हथियार पहुंचाने की इजाजत मिलती है। इसके अलावा, यूक्रेन सुरक्षा सहायता पहल के तहत करार पर रखा जाने वाला 1.22 बिलियन डॉलर का हथियार पैकेज भी है। जो बाइडन ने कहा कि सभी दीर्घकालिक यूएसएआई फंड अब खर्च हो चुके हैं। साथ ही, वह ऑफिस छोड़ने से पहले बाकी सभी ड्रॉडाउन मनी का पूरा उपयोग करना चाहते हैं। बाइडन ने बयान जारी करके कहा, मैंने अपने प्रशासन को निर्देश दिया है कि यूक्रेन को जितनी जल्दी हो सके उतनी सहायता जारी की जाए। अमेरिका कार्यालय में मेरे शेष समय तक युद्ध में यूक्रेन को मजबूत करने के लिए लगातार काम करना जारी रखेगा। गौरतलब है कि यूक्रेन ने पिछले दिनों रूसी सेना के साथ लड़ाई में अपने 1,400 सैनिक खो दिए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने रूस के सेंटर समूह के साथ झड़प में 480 से अधिक सैनिकों को खो दिया, जिसने 11 यूक्रेनी जवाबी हमलों को विफल कर दिया। रूसी सेना के जैपाद समूह ने चार जवाबी हमलों को विफल कर दिया और 420 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया।

### अमेरिकी ट्रेजरी पर चीन का साइबर अटैक, अहम दस्तावेजों तक बनाई पहुंच

**वाशिंगटन, एजेंसी।** चीन के हैकरों ने अमेरिका पर बड़ा साइबर अटैक किया है। व्हाइट हाउस की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि एक बड़े साइबर सुरक्षा उल्लंघन में राज्य-प्रायोजित चीनी अभिनेता ने कथित तौर पर अमेरिकी कार्यालयों और अवर्गीकृत दस्तावेजों तक पहुंच प्राप्त कर ली। ट्रेजरी अधिकारियों द्वारा जारी आंतरिक ट्रेजरी विभाग के बयान में सरकारी एजेंसियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयर सिस्टम में कमजोरियों को उजागर किया गया है। सीएनएन द्वारा समीक्षा किए गए एक दस्तावेज में पाया गया कि उल्लंघन तब हुआ जब एक धमकी देने वाले अभिनेता ने बैंक कार्यालयों और अनएन्क्रिप्टेड दस्तावेजों तक दूरस्थ पहुंच प्राप्त करने के लिए चोरी की चाबियों का उपयोग किया। इस समझौते का पता 8 दिसंबर को एक तृतीय-पक्ष सॉफ़्टवेयर सेवा प्रदाता द्वारा एक अधिसूचना के माध्यम से चला। अमेरिकी ट्रेजरी में प्रबंधन की सहायक सचिव अदिति हार्डिकर के अनुसार, इस घटना के लिए एक चीनी राज्य प्रायोजित एडवांस्ड पर्सिस्टेंट थ्रेट (एपीटी) अभिनेता को जिम्मेदार ठहराया गया है।

# चुनाव में जीत के बावजूद यौन शोषण मामले में ट्रंप को राहत नहीं, 42 करोड़ रुपए का हर्जाना बरकरार



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** एक संघीय अपील न्यायालय ने सोमवार को एक सिविल मामले में ट्रंप को झटका दिया है. अदालत ने जूरी के निष्कर्ष को बरकरार रखा कि डोनाल्ड ट्रंप ने 1990 के दशक के मध्य में एक अपस्केल डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में एक स्तंभकार का यौन शोषण किया था. द्वितीय यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील ने मानहानि और यौन शोषण के लिए मैनहट्टन जूरी द्वारा ई. जीन कैरोल को दिए गए 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर (42 करोड़ 79 लाख 88 हजार रुपये) का हर्जाना बरकरार रखते हुए एक लिखित राय जारी की. लंबे समय से पत्रिका स्तंभकार रहे कैरोल ने 2023 के मुकदमे में गवाही दी थी कि ट्रंप ने वसंत 1996 में एक दोस्ताना मुलाकात को हिंसक हमले में बदल दिया, जब वे स्टोर के ड्रेसिंग रूम में मजाकिया ढंग से घुस गए. हमले की घटना से बार-बार इनकार करने के बाद ट्रंप ने मुकदमे में भाग नहीं लिया. लेकिन उन्होंने इस साल की शुरुआत में एक अनुवर्ती मानहानि मुकदमे में संक्षिप्त रूप से गवाही दी, जिसके परिणामस्वरूप 83.3 मिलियन का पुरस्कार मिला. दूसरा मुकदमा तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा 2019 में की गई टिप्पणियों के परिणामस्वरूप हुआ, जब कैरोल ने पहली बार एक संस्मरण में सार्वजनिक रूप से आरोप लगाए थे. अपने फैसले में, अपील अदालत के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने ट्रंप के वकीलों के दावों को खारिज कर दिया कि ट्रायल जज लुईस ए. कपलान ने कई ऐसे फैसले दिए थे, जिससे ट्रायल खराब हो गया, जिसमें दो अन्य महिलाओं को गवाही देने की अनुमति देना भी शामिल था, जिन्होंने ट्रंप पर यौन शोषण का आरोप लगाया था. न्यायाधीश ने जूरी को कुख्यात एक्सेस हॉलीवुड टेप देखने की भी अनुमति दी थी, जिसमें ट्रंप ने 2005 में महिलाओं के जननांगों को पकड़ने के बारे में दावा किया था क्योंकि जब कोई स्टार होता है, तो आप कुछ भी कर सकते हैं. दूसरे सर्किट कोर्ट ने कहा कि हम निष्कर्ष निकालते हैं कि ट्रंप ने यह प्रदर्शित नहीं किया है कि जिला न्यायालय ने चुनौती दिए गए किसी भी फैसले में गलती की है. इसके अलावा, उन्होंने यह दिखाने का अपना दायित्व नहीं निभाया है कि किसी भी दावा की गई त्रुटि या दावा की गई त्रुटियों के संयोजन ने उनके पर्याप्त अधिकारों को प्रभावित किया है, जो एक नए परीक्षण को वारंट करने के लिए आवश्यक है. सितंबर में, कैरोल, 81, और ट्रंप, 78, दोनों ने द्वितीय सर्किट द्वारा मौखिक तर्कों में भाग लिया. स्टीवन चेउंग, ट्रंप के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि ट्रंप को मतदाताओं द्वारा चुना गया था जिन्होंने एक भारी जनादेश दिया था, और वे हमारी न्याय प्रणाली के राजनीतिक हथियारीकरण को तत्काल समाप्त करने और डेमोक्रेट द्वारा वित्तपोषित कैरोल होक्स सहित सभी विच हंट्स को तुरंत खारिज करने की मांग करते हैं, जिस पर अपील जारी रहेगी. रोबर्टा कपलान, एक वकील जिसने मुकदमे के दौरान कैरोल का प्रतिनिधित्व किया और जो न्यायाधीश से संबंधित नहीं है, ने एक बयान में कहा कि ई. जीन कैरोल और मैं दोनों आज के फैसले से संतुष्ट हैं. हम पक्षों की दलीलों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के लिए द्वितीय सर्किट कोर्ट को धन्यवाद देते हैं.

## साउथ कोरिया में 7 दिन का राष्ट्रीय शोक, राष्ट्रपति ने सभी एयरलाइन की जांच का आदेश दिया

**सियोल, एजेंसी।** साउथ कोरिया में प्लेन क्रैश हादसे के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने सोमवार को देश में 7 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने सभी एयरलाइन सिस्टम की जांच के आदेश दिया है। रविवार को बैंकॉक से आ रहा जेजू एयर का बोइंग 737-800 प्लेन मुआन एयरपोर्ट पर लैंड कर रहा था, लेकिन गियर में खराबी की वजह से इसके पहिए नहीं खुले। बेली लैंडिंग की कोशिश में प्लेन क्रैश कर गया, जिससे उसमें सवार 181 लोगों में से 179 की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में जान गंवाने वालों में 84 पुरुष और 85 महिलाएं हैं। जबकि 10 शवों के जेंडर का पता नहीं चल पाया। मरने वालों में से 146 लोगों की पहचान कन्फर्म हो चुकी है, बाकी बचे लोगों की पहचान जानने के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा। हादसे में जिंदा बचे दोनों क्रू मेंबर का इलाज जारी है। होश में आने के बाद दोनों गहरे सदमें है। उन्हें हादसे को लेकर साफ तौर पर कुछ भी याद नहीं है। क्रू मेंबर को हादसे के बारे में साफ तौर पर कुछ याद नहीं कोरियन टाइम्स के मुताबिक हादसे में बच गए दोनों क्रू मेंबर पैसेंजर्स की मदद के लिए प्लेन के पिछले हिस्से में तैनात थे। इनमें से एक 32 साल के ली सदमे में हैं। वे बार-बार पूछ रहे हैं कि उन्हें क्या हुआ है? और वह यहां क्यों हैं? डॉक्टर का कहना है कि ली के बाएं कंधे में फ्रैक्चर और सिर में चोटें आईं हैं, लेकिन उनका स्वास्थ्य स्थिर हैं। 25 साल की फ्लाइट अटेंडेंट क्वोन भी हादसे में बाल-बाल बच गईं। उनका भी हॉस्पिटल में इलाज जारी है। क्वोन को भी हादसे के बारे में कुछ याद नहीं है। उन्होंने अपने सिर, टखने और पेट में तेज दर्द की बात कही है। डॉक्टर्स ने कहा कि क्वोन की चोटें गंभीर हैं लेकिन जान को कोई खतरा नहीं है।

## मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति बोले- भारत हमारे लोकतंत्र का समर्थक



**माले, एजेंसी।** मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति और विपक्षी पार्टी के नेता, मोहम्मद नशीद ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग लाने की साजिश और उसमें भारत की भूमिका को खारिज किया है। दरअसल सोमवार को अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था मुइज्जू को पद से हटाने के लिए विपक्ष ने साजिश रची थी। इसके लिए भारत से 51 करोड़ की मदद मांगी जानी थी।

इस रिपोर्ट पर नशीद ने बताया कि उन्हें ऐसी किसी साजिश की जानकारी नहीं और भारत कभी भी ऐसी साजिश का समर्थन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत कभी ऐसा कदम नहीं उठाएगा, क्योंकि वह हमेशा मालदीव के लोकतंत्र का समर्थन करता है। भारत ने कभी हम पर शर्तें नहीं थोपीं।

दावा- 40 सांसदों को रिश्वत देने का प्लान था वाशिंगटन पोस्ट ने दावा किया है कि उसके पास डेमोक्रेटिक रिन्यूअल इनिशिएटिव नाम के कुछ दस्तावेज मौजूद हैं। इनमें मुइज्जू को सत्ता से हटाने की प्लानिंग है। रिपोर्ट के मुताबिक मुइज्जू को सत्ता से हटाने के लिए 40 सांसदों को रिश्वत देने का प्लान बनाया गया था। इनमें मुइज्जू की पार्टी के सांसद भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों के अलावा सेना और पुलिस के 10 सीनियर अधिकारियों और कुछ आपराधिक गिरोहों को भी पैसे देने का प्लान बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए साजिश करने वालों ने 51 करोड़ रुपए की मांग रखी थी। वॉशिंगटन पोस्ट ने मालदीव के दो अधिकारियों के हवाले बताया है कि ये रकम भारत से मांगी जानी थी। वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि, भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (आरएडब्ल्यू) के सीनियर अधिकारी ने मुइज्जू को राष्ट्रपति पद से हटाने की योजना पर बात की थी। वॉशिंगटन पोस्ट ने दावा किया उसे मुइज्जू के परिवार के एक सदस्य ने कुछ रिकॉर्डिंग दिए हैं। इनमें आरएडब्ल्यू के एक सीनियर खुफिया अधिकारी और अन्य भारतीय मीडिएटर्स के बीच मुइज्जू को पद से हटाने को लेकर हुई बातचीत रिकॉर्ड है।

## अमेरिका के लॉस एंजेलिस हवाई अड्डे पर टकराने से बचे विमान, एटीसी की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**लॉस एंजेलिस , एजेंसी।** हाल ही में अजरबैजान और दक्षिण कोरिया में हुए दो बड़े विमान हादसों से लोग उबरे भी नहीं है कि अमेरिका के लॉस एंजेलिस हवाई अड्डे पर एक और बड़ा विमान हादसा होने से बाल-बाल बच गया। दरअसल हवाई अड्डे पर दो विमान आपस में टकराने से बच गए और एटीसी की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि कुछ सेकेंड की देरी सैंकड़ों जिंदगियों पर भारी पड़ सकती थी। गौरतलब है कि एक विमान में वॉशिंगटन के गोंजागा विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम भी सफर कर रही थी। अमेरिका के फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। एफएए ने बयान में कहा कि लाइम एयर फ्लाइट 563 लॉस एंजेलिस हवाई अड्डे पर उतरी थी और जैसे ही वह रनवे को पार करने वाली थी, तभी बास्केटबॉल टीम को ले जा रहा निजी विमान भी टेकऑफ कर रहा था। स्थिति ऐसी बनी कि दोनों विमान बेहद करीब आ गए। हालात को देखते हुए एटीसी ने तुरंत की लाइम एयरलाइंस के विमान को तुरंत रुकने को कहा। इससे विमानों की टक्कर बच गई। जब निजी विमान ने उड़ान भर ली, उसके बाद दूसरे विमान को रनवे पर जाने की इजाजत दी गई।

# क्या पाकिस्तान में सरकार-विपक्ष के बीच सब ठीक हो जाएगा? दो जनवरी को होगी इमरान खान की पार्टी से बातचीत




**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार और इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के बीच महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। इसका उद्देश्य राजनीतिक मतभेदों को सुलझाना है। यह बैठक गुरुवार को संसद भवन में सुबह 11 बजे होने वाली है, जिसे नेशनल असेंबली स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने बुलाया है। वह दोनों पक्षों के बीच बातचीत करवाना चाह रहे हैं, जिससे मतभेद सुलझाए जा सकें।

**इससे पहले हो चुकी है बैठक :** यह बैठक 23 दिसंबर को शुरू हुई बातचीत पर आधारित होगी और इसका उद्देश्य राजनीतिक स्थिरता की दिशा में एक कदम बढ़ाना है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी दो प्रमुख मांगें प्रस्तुत करने की योजना बना रही है, जो आगामी सत्र के दौरान लिखित रूप सरकार के सामने रखेगी।

**इन दो मांगों पर अड़ी पीटीआई :** इन मांगों में पिछले साल की नौ मई को हुई हिंसक घटनाओं और 26 नवंबर को इस्लामाबाद में पीटीआई कार्यकर्ताओं पर की गई कार्रवाई की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग का गठन करना तथा 72 वर्षीय इमरान खान समेत सभी राजनीतिक बंदियों की रिहाई करना शामिल हैं। पूर्व राष्ट्रीय असेंबली स्पीकर और पीटीआई नेता असद कैसर ने इन मांगों को दोहराते हुए कहा कि पार्टी आयोग के गठन और खान की रिहाई की अपनी मांगों पर अडिग है। 23 दिसंबर को हुई पहली बैठक को सकारात्मक देखा गया, जिसमें दोनों पक्षों ने बातचीत जारी रखने पर सहमति जताई थी। इस बैठक में पीटीआई का प्रतिनिधित्व कैसर, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के अध्यक्ष साहिबजादा हामिद रजा और मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन (एमडब्ल्यूएम) के नेता अल्लामा राजा नसर अब्बास ने किया था। एसआईसी और एमडब्ल्यूएम दोनों ही खान के प्रमुख सहयोगी हैं।

**सरकार की तरफ से ये लोग कर रहे नेतृत्व :** सरकारी पक्ष का नेतृत्व करने वाली नौ सदस्यीय समिति में उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, प्रधानमंत्री के राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह, सेनटर इरफान सिद्दीकी, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के राजा परवेज अशरफ और नवीद कमर, इत्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के नेता अलीम खान, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्वैद (पीएमएल-क्यू) के नेता चौधरी सलीक हुसैन, बलूचिस्तान अवामी पार्टी के सरदार खालिद माग्सी और मुताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान के नेता डॉ. खालिद मकबूल सिद्धिकी शामिल हैं। अयाज सादिक ने दोनों सरकार और विपक्ष के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने एक सकारात्मक माहौल बनाया है और उन्हें उम्मीद है कि इस प्रयास से पाकिस्तान की राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी तथा देश की चुनौतियों का समाधान होगा।

# नौ जनवरी को होगा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का अंतिम संस्कार, अमेरिका में शोक दिवस का एलान



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 साल की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नौ जनवरी को वॉशिंगटन डीसी में होगा। राष्ट्रपति जो बाइडन ने नौ जनवरी को राष्ट्रीय शोक दिवस का एलान किया है। उन्होंने कहा है कि नौ जनवरी को पूर्व राष्ट्रपति कार्टर के सम्मान में संघीय कार्यालय बंद रहेंगे। वहीं अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने भी नौ जनवरी को न्यायालय बंद रखने के लिए कहा है।

जिमी कार्टर का रविवार देर रात 100 साल की उम्र में निधन हो गया। जिमी कार्टर अमेरिकी इतिहास के सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने जिमी कार्टर के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि आज अमेरिका और दुनिया ने एक असाधारण नेता, राजनेता और मानवतावादी खो दिया है। पूर्व राष्ट्रपति कार्टर को श्रद्धांजलि देने के लिए समारोह चार जनवरी से शुरू होंगे। इस दौरान उनके पार्थिव शरीर को दर्शन के लिए जॉर्जिया स्थित आवास और जॉर्जिया राज्य कैपिटल में रखा जाएगा। इसके बाद सात जनवरी तक पूर्व राष्ट्रपति के पार्थिव शरीर को अटलांटा स्थित कार्टर प्रेसिडेंशियल सेंटर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। यहां से पार्थिव शरीर को अमेरिकी नौसेना स्मारक और अंतिम यात्रा के साथ वॉशिंगटन डीसी ले जाया जाएगा। सात जनवरी को अमेरिकी सांसद दिवंगत राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि देंगे। नौ जनवरी तक पूर्व राष्ट्रपति का पार्थिव शरीर वॉशिंगटन डीसी में रहेगा। यहां सुबह 10 बजे राष्ट्रीय कैथेड्रल में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा। सोमवार को अमेरिकी कांग्रेस के नेताओं ने पूर्व राष्ट्रपति कार्टर के बेटे जेम्स कार्टर तृतीय और कार्टर सेंटर को पत्र लिखकर कहा था कि दिवंगत राष्ट्रपति का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार वॉशिंगटन डीसी में किया जाए। बाइडन-ट्रंप ने दी श्रद्धांजलि राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को एक बयान में कार्टर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने बयान में कार्टर को प्रिय मित्र और असाधारण नेता के रूप में याद किया। वहीं, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकियों पर पूर्व राष्ट्रपति की कृतज्ञता का ऋण है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया। पीएम नरेंद्र मोदी ने उनको महान दूरदर्शी राजनेता बताया। पीएम ने कहा कि उन्होंने वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए अथक प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन से बहुत दुख हुआ। वह एक महान दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए अथक प्रयास किया। भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में उनका योगदान एक स्थायी विरासत छोड़ गया है। उनके परिवार, दोस्तों और अमेरिका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

## पाकिस्तान 2025 में सुरक्षा परिषद में होगा शामिल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के कई सदस्य बुधवार (1 जनवरी, 2025) से बदलने जा रहे हैं। इसमें कुछ गैर-स्थायी सदस्यों की एंट्री हो रही है, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है। उसे अब आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के मामले में एक तरह की वीटो शक्ति प्राप्त हो जाएगी जिन्हें वह पनाह देता आया है। जून में अस्थायी सदस्य के रूप में चुने जाने के बाद, पाकिस्तान सुरक्षा परिषद में एशिया-प्रशांत देशों के लिए दो सीटों में से एक पर जापान की जगह लेगा और दो साल तक यह सीट पर रहेगा। इस्लामाबाद को अब 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड साजिद मीर जैसे अपने आतंकवादियों की सुरक्षा के लिए इस्लामिक स्टेट और अलकायदा प्रतिबंध समिति में बीजिंग पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जो इन दोनों संगठनों से जुड़े व्यक्तियों और समूहों को आतंकवादी घोषित करती है और उन पर प्रतिबंध लगाती है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में केवल स्थायी सदस्यों के पास निर्णयों पर वीटो की शक्ति होती है, लेकिन गैर-स्थायी सदस्यों के पास भी आतंकवाद के लिए प्रतिबंध समितियों में एक प्रकार की वीटो शक्ति होती है क्योंकि वे स्वीकृत मानदंडों के तहत आम सर्वसम्मति से कार्य करती हैं। सर्वसम्मति प्रक्रिया द्वारा दिए गए वर्चुअल वीटो की निंदा की जाती रही है, इस्लामिक स्टेट-अल-कायदा प्रतिबंध पैनल के पूर्व प्रमुख न्यूजीलैंड ने इसे समिति की प्रभावशीलता में सबसे बड़ा अवरोधक बताया है। भारत ने प्रतिबंध समितियों की कार्यप्रणाली को भूमिगत करार दिया है, जो कानूनी आधार के बिना अस्पष्ट प्रथाओं पर आधारित है। साथ ही पारदर्शिता की मांग की है ताकि निर्णयों के औचित्य और उन्हें कैसे लिया जाता है, यह स्पष्ट हो सके। पाकिस्तान को अब सुरक्षा परिषद में कश्मीर पर अपनी अभियान को और जोरदार तरीके से उठाने का मंच मिल जाएगा, यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे वह चर्चा के विषय की परवाह किए बिना नियमित रूप से उठाता है, तथा भारत पर तीखे हमले करता है। हालांकि, यह एक निरंतर प्रचार स्टंट ही रहेगा क्योंकि पाकिस्तान एक ऐसी आवाज रहा है जो सुनसान में गूंजती है। इस्लामाबाद कश्मीर को फिलिस्तीन समस्या से जोड़ने की कोशिश करता रहा है लेकिन किसी अन्य देश को अपने साथ नहीं जोड़ सका। जुलाई में जब पाकिस्तान सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेगा, तो वह अपनी पसंद के विषयों पर कम से कम दो सिग्नेचर इवेंट्स आयोजित कर सकता है, जिनमें उच्च-स्तरीय भागीदारी होगी, जिसमें उसके अपने और आमंत्रित सदस्य दोनों शामिल होंगे। भले ही यह सीधे तौर पर इसे भारत विरोधी शो न बनाए, लेकिन यह किसी ऐसे विषय को उठा सकता है जिसका इस्तेमाल वह भारत और कश्मीर पर दुष्प्रचार के लिए कर सकता है। जापान के हटने के साथ, ध्रुवीकृत परिषद में संतुलन में एक सूक्ष्म बदलाव आ गया है, जहां चीन, रूस और पाकिस्तान का त्रिकोण कई मुद्दों पर उभर कर सामने आएगा। अन्य एशियाई सदस्य दक्षिण कोरिया है, जो जापान की तरह पश्चिम समर्थक है।

# सांसद रानिल जयवर्धने को मिलेगा नाइटहुड सम्मान, ब्रिटिश नववर्ष सम्मान सूची में 30 से ज्यादा भारतवंशी




**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में नए साल के मौके पर ब्रिटिश सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय देश और समाज के उत्थान के काम करने वाले गुमनाम नायकों को प्रतिष्ठित सम्मान देंगे। नववर्ष सम्मान सूची में 30 से अधिक भारतवंशी शख्सियतों के नाम शामिल हैं। इस साल किंग चार्ल्स तृतीय श्रीलंका और भारतीय मूल के कंजर्वेटिव सांसद रानिल मैल्कम जयवर्धने को राजनीतिक और सार्वजनिक सेवा के लिए प्रतिष्ठित नाइटहुड सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही इंग्लैंड फुटबॉल टीम के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को भी खेल सेवाओं के लिए नाइटहुड सम्मान से नवाजा जाएगा।

सम्मान के लिए जारी की गई सूची में 1200 से अधिक शख्सियतों के नाम हैं। इसमें खेल, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और स्वैच्छिक सेवा देने वाले शामिल हैं। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि हर दिन साधारण लोग देश और समाज के लिए असाधारण काम करते हैं। ऐसे लोगों का नाम नए साल की सम्मान सूची में शामिल किया गया। उनका योगदान अविश्वसनीय है।

**सूची में इन भारतीयों के नाम :** सम्मान के लिए जारी की गई सूची के मुताबिक कमांडर्स ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (सीबीई) के लिए शिक्षा क्षेत्र में सेवा देने वाली सतवंत कौर देओल, खुदरा और उपभोक्ता क्षेत्र में सेवाओं के लिए लीना नायर, प्रौद्योगिकी पेशेवर ब्रिटिश कंप्यूटिंग सोसायटी के अध्यक्ष मयंक प्रकाश को चुना गया है। ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (ओबीई) के लिए कानून क्षेत्र में सेवाओं के लिए चार्ल्स प्रीतम सिंह धनोवा, स्वास्थ्य सेवा, विज्ञान और नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सेवा के लिए सर्जन प्रोफेसर स्नेह खेमका, हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर संजय आर्य; ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक्सेटर कॉलेज में प्रारंभिक आधुनिक साहित्य और संस्कृति की प्रोफेसर और ट्यूटोरियल फेलो नंदिनी दास, आइसलैंड फूड्स के सीईओ तरसेम सिंह धालीवाल, जैस्मीन डोटीवाला का नाम शामिल किया गया। इसके अलावा ओबीई में महिला अंतरराष्ट्रीय शिपिंग और व्यापार संघ यूके की अध्यक्ष मोनिका कोहली, क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) से सौम्या मजूमदार, घोटाले से प्रभावित उप-डाकपालों के पक्ष में अभियान के लिए सीमा मिश्रा, परोपकारी मनदीप कौर संघेरा, ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के पेशेवर सवराज सिंह सिद्धू, और फैशन उद्योग की पेशेवर स्मृति श्रीराम को शामिल किया गया। ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर के सदस्यों (एमबीई) और ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर के पदक विजेताओं (बीईएम) की 2025 की सूची में प्रधानमंत्री की डायरी प्रबंधक ऊष्मा मनहर पटेल, मानसिक स्वास्थ्य अभियानकर्ता ज्ञान सिंह पावर और व्यापार विभाग से श्रव्या राव, तकनीकी विशेषज्ञ दलिम कुमार बसु, नर्सिंग प्रमुख मारिमौट्टू कुमारसामी, रुमेटोलॉजिस्ट प्रोफेसर भास्कर दासगुप्ता और बाल रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर अजय जयकिशोर वोरा, सामुदायिक कार्यकर्ता संजीब भट्टाचार्जी और जगरूप बिनिग, डाक कर्मचारी हेमंद्र हिंडोचा और चैरिटी कार्यकर्ता जसविंदर कुमार, संगीतकार बलबीर सिंह खानपुर भुजंगी के नाम शामिल हैं। भुजंगी को इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में भांगड़ा और पंजाबी संस्कृति के लिए सेवाओं के लिए सम्मानित किया जा रहा है। इसके साथ ही कम्पेनियन ऑफ ऑनर सम्मान से लेखक काजुओ इशिगुरो को और अंग्रेजी अभिनेता, लेखक को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए स्टीफन फ्राई को नाइटहुड सम्मान दिया जाएगा।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृह्मदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# क्या रिलेशनशिप में हैं हनी सिंह? खुद कहा-'मैं पैशोनेट लव में हूं'

हाल ही में नेटफ्लिक्स पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'यो यो हनी सिंह ~ फेमस' का प्रीमियर हुआ है। यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म रैपर-सिंगर हनी सिंह की जिंदगी पर रोशनी डाल रही है। खबरों और सिंगिंग की चकाचौंध से अलग भी हनी की एक शख्सियत है, उसके बारे में डॉक्यूमेंट्री में बताया गया है। हाल ही में नेटफ्लिक्स के यूट्यूब चैनल पर एक पॉडकास्ट में हनी सिंह नजर आए, जिसमें उन्होंने अपनी लव लाइफ पर भी बात की है।

### पैशोनेट लव में हनी सिंह

पॉडकास्ट में हनी सिंह ने अपनी डॉक्यूमेंट्री, म्यूजिक, पर्सनल लाइफ पर बात की। अचानक वह शो के होस्ट को बताने लगे कि वह इस समय पैशोनेट लव में हैं। हनी कहते हैं, 'मैं खतरनाक इश्क में हूं।' वह आगे कहते हैं कि मैं हमेशा गहरा प्यार किया है। हनी सिंह यह बात बताते हुए शरमा भी रहे थे। हनी का यह अंदाज देकर शो के होस्ट भी मुस्कुरा दिए।

### पहले हो चुका है तलाक

हनी सिंह की पहली शादी टूट चुकी है लेकिन वह प्यार में पूरा यकीन रखते हैं। यही कारण है कि उन्होंने अपने सीरियस रिलेशनशिप में होने की बात कही है। बताते चलें कि हनी सिंह की पूर्व पत्नी का नाम शालिनी तलवार है। वह उनकी बचपन की गर्लफ्रेंड थी, दोनों की शादी 11 साल चली, लेकिन बाद में हनी सिंह और शालिनी की राहें जुदा हो गईं।

### रैप म्यूजिक के लिए बनाई राह

हनी सिंह ने जब भारत में बतौर रैप सिंगर शुरुआत की थी तो उन्होंने तहलका मचा दिया था। उन्होंने रैप सिंगिंग के लिए भारत में एक नई राह बनाई। हनी सिंह ने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी हिट गाने गाए हैं, जिसमें शाहरुख और सलमान खान की फिल्में भी शामिल रही हैं। लेकिन हनी की जिंदगी में डाउनफॉल भी आया, जब वह मानसिक समस्या और बुरी लत का शिकार हो गए। अब एक बार फिर हनी सिंह ने कमबैक किया है, साथ ही अपनी बुरी आदतों से भी छुटकारा पा लिया है।



# पेरेंट्स के तलाक को लेकर बोलीं श्रुति हासन

**श्रुति हासन ने हाल ही में अपने पेरेंट्स कमल हासन और सारिका के तलाक को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उनके पेरेंट्स के डिवोर्स ने बाद उन्हें फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने का मतलब समझ आया था। उन्होंने कहा कि पेरेंट्स ने अलग होने से पहले साथ रहने की काफी कोशिश की थी।**

### पेरेंट्स के तलाक के बाद लाइफ में सब बदल गया था

श्रुति हासन ने फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट पर बात करते हुए कहा- मैं एक बहुत ही खूबसूरत परिवार में पैदा हुई। मुझे इंटेलीजेंट पेरेंट्स मिले और भगवान की कृपा से सभी फैसिलिटी मिली। लेकिन मैंने इसकी दूसरी साइड भी देखी है। जब मेरे माता-पिता अलग हुए थे, तो मेरी लाइफ में सब कुछ बदल गया था।

### मैंने अपनी मां से काफी कुछ सीखा है

एक्ट्रेस ने आगे कहा- 'पेरेंट्स के अलग होने के बाद ही मुझे फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट होने का मतलब समझ आया था। उस वक्त मुझे एहसास हुआ कि हर किसी को आर्थिक रूप से स्वतंत्र क्यों होना चाहिए। जब मैंने अपनी मां को देखा तो लगा कि एक बेटी होने के नाते मुझे आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहिए। कोई भी फैसला लेना काफी मुश्किल होता है, लेकिन उससे भी ज्यादा मुश्किल होता है, जब आप किसी पर डिपेंड होते हैं।'

### तलाक बुरा फैसला होता है

श्रुति हासन ने कहा कि तलाक काफी बुरा फैसला होता है। न केवल बच्चे बल्कि पेरेंट्स भी यह दर्द महसूस करते हैं। हालांकि, अब चीजे काफी नॉर्मल हो गई हैं। अभी भी ऐसे कई घर हैं, जहां समाज की खातिर माता-पिता एक साथ रहते हैं। यह ज्यादा खराब होता है क्योंकि दोनों के मन में दर्द छुपा होता है।

### सालार में नजर आई थीं श्रुति हासन

वहीं बात करें वर्कफ्रंट की तो श्रुति हासन को आखिरी बार प्रभास के साथ फिल्म सालार- पार्ट 1- सीजफायर में देखा गया था। प्रशांत नील की निर्देशित इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी थे।



# एस एस राजामौली की फिल्म से कमबैक करेंगी प्रियंका



प्रियंका चोपड़ा बीते लंबे समय से इंडियन सिनेमा में कमबैक का इंतजार कर रही हैं। कुछ समय पहले प्रियंका फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा से कमबैक करने वाली थीं, हालांकि अब ये फिल्म बंद होती नजर आ रही है। इसी बीच प्रियंका ने एस एस राजामौली की अपकमिंग तेलुगु फिल्म साइन कर ली है। ये फिल्म अफ्रीकी जंगल एडवेंचर पर आधारित होने वाली है, हालांकि अब तक इसका टाइटल तय नहीं किया गया है। फिल्म में महेश बाबू एक रिसर्चर की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में आई पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, बाहुबली और आरआरआर की कामयाबी के बाद एस एस राजामौली महाकाव्य पर फिल्म बना रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर ली है। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2025 से शुरू करेंगी, वहीं महेश बाबू के साथ फिल्म 2026 में फिलमाई जाएगी।

### पैन इंडिया फिल्म से कमबैक करेंगी प्रियंका

रिपोर्ट के अनुसार ये तेलुगु फिल्म पैन इंडिया होने वाली है, जिसे हिंदी, तमिल, मलयाली और कन्नड़ भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म के लिए एस एस राजामौली ऐसी एक्ट्रेस की तलाश में थे, जो ग्लोबली पहचान रखती हों। बीते 5-6 महीने में उन्होंने कई बार प्रियंका से मुलाकात की और उनका नाम फाइनल किया। इस फिल्म को ग्लोबल लेवल तक पहुंचाने के लिए डिज्नी और सोनी पिक्चर्स जैसे बड़े स्टूडियोज से बात जारी है।

### डब्बा बंद होने की कगार परजी ले जरा

साल 2021 में फरहान अख्तर ने फिल्म जी ले जरा की अनाउंसमेंट की थी, जिसमें प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट और कटरीना कैफ लीड रोल निभाने वाली थीं। हालांकि अब तक फिल्म डेवलपमेंट से जुड़ी कोई अपडेट सामने नहीं आई है। समय-समय पर खबरें आती रही हैं कि कटरीना और प्रियंका ने फिल्म छोड़ दी है।

प्रियंका चोपड़ा की बात करें तो वो आखिरी बार भारतीय बड़े पर्दे की फिल्म द स्काय इज पिंक (2019) में नजर आई थीं। इसके बाद वो नेटफ्लिक्स की फिल्म द व्हाइट टाइगर (2021) में नजर आ चुकी हैं। बॉलीवुड या इंडियन न सही प्रियंका के पास हॉलीवुड की कई बड़ी फिल्में हैं। वो जल्द ही द ब्लफ और हैड ऑफ स्टेट्स जैसी हॉलीवुड फिल्मों में दिखेंगी।

# सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म में आएंगी नजर


कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी साउथ सिनेमा में एक प्रमुख चेहरा रे रूप में उभरकर सामने आई हैं। केजीएफ के बाद से ही उनकी फैन फॉलोइंग काफी बढ़ चुकी है। हालांकि, इसके बाद आई उनकी फिल्म कोबरा बॉक्स ऑफिस पर कोई खास असर नहीं छोड़ पाई। इसके बावजूद श्रीनिधि का जादू फीका नहीं पड़ा है। उन्हें सिद्दू जोन्नालगड्डा की तेलुसु कड़ा और नानी की हिट 3 जैसी फिल्मों में साइन किया गया है। अब उनकी एक नई फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीनिधि शेट्टी साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत के साथ जल्द ही स्क्रीन साझा करती नजर आ सकती हैं। बहुप्रतीक्षित फिल्म जेलर 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उन्हें साइन किया गया है।

### नेल्सन बना रहे फिल्म

जेलर 2 का निर्देशन नेल्सन दिलीप कुमार करेंगे। इसे सन पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया जाएगा। फिल्म का म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर तैयार करेंगे। पहले भाग के गाने लोगों के बीच काफी ज्यादा लोकप्रिय हुए थे। फिल्म को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। जल्द आ सकती है आधिकारिक जानकारी

इसके बारे में और अधिक जानकारी आधिकारिक रूप से नए साल या फिर पोंगल के मौके पर आ सकती है। माना जा रहा है कि यह फिल्म श्रीनिधि के करियर के लिए एक टर्निंग प्वॉइंट साबित हो सकती है।





# दो भागों में रिलीज होगी विजय देवरकोंडा की वीडी 12

विजय देवरकोंडा वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जिसका संभावित नाम वीडी 12है। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक एक्शन ड्रामा होगी। प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह के बीच निर्माता नागा वामसी ने फिल्म पर एक बड़ा अपडेट साझा किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के बारे में बताया। साथ ही कई दिलचस्प बातों का भी खुलासा किया।

### आगे खिसकेगी फिल्म की रिलीज डेट

हाल ही में उन्होंने बताया कि वीडी 12 दो भागों वाली सीरीज होगी और हर भाग की कहानी अलग होगी। इस तरह वे दो अलग-अलग फिल्में बन जाएंगी। फिलहाल वीडी 12 की 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि, अगर पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरा मल्लू की रिलीज उसी दिन पक्की हो जाती है तो फिल्म की रिलीज 28 मार्च से आगे बढ़ाई जा सकती है।

### शूटिंग के दौरान विजय को लगी चोट

फिल्म के बारे में आगे बात करते हुए नागा वामसी ने कहा, वीडी 12 अपने पैमाने से सभी को चौंका देगी। कई लोगों का मानना है कि यह चुपचाप बनाई जा रही एक छोटी फिल्म है, लेकिन यह ठोस है और बड़े पर्दे पर एक बड़ी ट्रीट होगी। इस बीच पहले खबर आई थी कि विजय देवरकोंडा को वीडी 12 के लिए एक चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई थी। चोट के बावजूद, अभिनेता ने ब्रेक नहीं लेने का फैसला किया और तय समय पर काम करना जारी रखा।

### चोट के बाद भी विजय ने जारी रखी शूटिंग

विजय की पिछली कुछ फिल्में उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने काम से लंबा ब्रेक लिया और अब वे दमदार वापसी करने की तैयार में हैं। ऐसे में वे इस फिल्म पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा वीडी 12 की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है और पूरी होने के करीब है। पहले खबर आई थी कि अभिनेता सत्यदेव इस फिल्म में शामिल हो गए हैं।

### भाग्यश्री बोरसे होंगी मुख्य अभिनेत्री

खबर है कि वह इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। दूसरी ओर भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका निभा सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सत्यदेव का किरदार नकारात्मक होगा। फिल्म की कहानी का मुख्य आकर्षक कहानी विजय देवरकोंडा और सत्यदेव के बीच के दृश्य होंगे। सत्यदेव ने कोविड-19 के दौरान लगातार हिट फिल्मों के साथ लोकप्रियता प्राप्त की। उनकी नई फिल्म जेबरा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और वर्तमान में ओटीटी प्लेटफॉर्म अहा पर स्ट्रीमिंग कर रही है।



# दृश्यम 3 को लेकर मोहनलाल का खुलासा?

अभिनेता मोहनलाल ने खुलासा किया है कि दृश्यम की स्क्रिप्ट को उनके पास लाने से पहले निर्देशक जीतू जोसेफ ने पहले कई अभिनेताओं को इसकी स्क्रिप्ट सुनाने में कई साल लगा दिए। दृश्यम 3 को भी लेकर मोहनलाल ने अहम जानकारी दी। मोहनलाल ने हाल ही में स्वीकार किया कि उन्होंने दृश्यम की कोई भी रीमेक पूरी नहीं देखी है, यहां तक कि अजय देवगन अभिनीत फिल्में भी नहीं देखी हैं। दृश्यम की रिलीज को 11 साल बीत चुके हैं, लेकिन निर्देशक जीतू जोसेफ की दृश्यम क्राइम-थ्रिलर जॉनर में एक बेंचमार्क बनी हुई है। दुनिया भर में 50 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाली पहली मलयालम फिल्म, दृश्यम ने मलयालम सिनेमा की दिशा को नया आकार दिया, जिससे इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली।

फिल्म दृश्यम को कई भारतीय और विदेशी भाषाओं में भी बनाया गया था और एक आधिकारिक अंग्रेजी रीमेक भी पाइपलाइन में है। दृश्यम में मोहनलाल, मीना, आशा सरथ, अंसिबा हसन, एस्तेर अनिल और सिद्दीकी ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई। इसके सीक्वल दृश्यम 2 का प्रीमियर 2021 में हुआ, जिसे भी दर्शकों से भरपूर प्यार मिला। अब दृश्यम 3 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल ने हाल ही में दृश्यम फेंचाइजी के भविष्य के बारे में बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसर, मोहनलाल ने कहा, जेटू के पास दृश्यम की स्क्रिप्ट फिल्म (पहला भाग) की शूटिंग से कम से कम पांच साल पहले तैयार थी। उन्होंने उस स्क्रिप्ट के साथ कई लोगों से संपर्क किया, लेकिन यह कारगर नहीं हुआ क्योंकि वे संतुष्ट नहीं थे। आशीर्वाद सिनेमाज के एंटनी पेरुंबवूर ने मुझे सूचित किया और पूछा कि क्या मैं इसे सुन सकता हूं। जब मैंने इसे सुना, तो मुझे लगा कि यह स्क्रिप्ट के लिहाज से अविश्वसनीय है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोहनलाल ने कहा, एक फिल्म कैसे हिट होती है? यह तब होता है जब इसमें कुछ ऐसा होता है जिसे आप देखने के बाद घर वापस ले जा सकते हैं, चाहे वह कोई गीत हो या कोई सीन हो। दृश्यम में, मुख्य बिंदु परिवार के लिए प्यार था। मोहनलाल ने याद करते हुए बताया कि कैसे उनहोंने कोरोना जैसी महामारी की वजह से फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज की बजाए सीधे ओटीटी पर रिलीज करने का विकल्प चुना। हालांकि, यह निर्णय फिल्म के लिए फायदेमंद साबित हुआ, क्योंकि इसे दुनिया भर में प्रशंसा मिली, दुनिया के कई हिस्सों से लोगों ने इसे ऑनलाइन देखा, जिससे मलयालम फिल्म उद्योग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसर, मोहनलाल ने कहा, पूरी दुनिया में लोगों ने दृश्यम देखी। मैं हाल ही में गुजरात में शूटिंग कर रहा था और फ्लाइट में कई गुजराती लोगों ने मुझसे फिल्म के बारे में बात की। इसने मलयालम सिनेमा को पूरे भारत में पहचान दिलाई। अब, हम दृश्यम 3 के साथ आने की कोशिश कर रहे हैं।

# फहद फासिल नहीं बनेंगे पुष्पा3 का हिस्सा!

पुष्पा 2 हाल के दिनों में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्मों में से एक है, इसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फहद फासिल ने पुष्पा 2 में मुख्य खलनायक की भूमिका निभाई थी और वह पुष्पा 3 में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगे। हालांकि, नई चर्चाएं ये हैं कि वह तीसरे भाग को करने के लिए उत्सुक नहीं हैं और पुष्पा 3 से बाहर हो सकते हैं। हालांकि, इस खबर की अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह मलयालम फिल्म हलकों में वायरल हो गई है। दूसरे भाग में फहद की भूमिका को सस्पेंस मोड में रखा गया था और आम धारणा यह है कि वह तीसरे भाग में वापसी करेंगे। हालांकि, अब खबरें हैं कि फहद अपने किरदार से निराश भी हैं, ऐसे में वे फिल्म की तीसरी किस्त से बाहर हो सकते हैं। अगर ये खबरें सच हैं तो अब यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि तीसरे भाग में मुख्य खलनायक की भूमिका कौन निभाएगा?

